# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–253 । सागर, गुरुवार, 2 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



अर्जीनवीस, वाहन चालक और कोटवार बनके तहसील में किसानों से ठगी — पृष्ठ 2

▪ चरित्र की कसौटी पर कंगना और दीपिका ▪ रेल सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के समक्ष है एक बड़ी चुनौती — पृष्ठ 4

▪ भाजपा प्रत्याशी के नामांकन मामले में दोनों पक्षों ने रखा पक्ष — पृष्ठ 6

राजनैतिक दल और कार्यकर्ता मिलकर आदर्श आचरण संहिता के पालन में सहयोग करें: प्रकाश डी — पृष्ठ 8







## सार-समाचार

### सीतलवाड़ की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** उच्चतम न्यायालय ने धन गबन मामले में सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और उनके पति जावेद आनंद को 2019 के गुजरात उच्च न्यायालय के अग्रिम जमानत आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए बुधवार को उसकी पुष्टि की। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता अपर्णा भट की अपने मुवक्किल दंपति की अग्रिम जमानत की पुष्टि करने के अनुरोध और संबंधित पक्षों की दलीलें ने सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।

### मणिपुर में 44 लोग हिरासत में लिए गए

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर पुलिस ने बुधवार को 44 लोगों को हिरासत में लिया। इसमें से 32 लोग म्यांमार के नागरिक हैं। इन पर एक दिन पहले टेंग्नौपाल जिले के मोरेह इलाके में पुलिस अफसर की हत्या और पुलिस कमांडो टीम पर हमला करने का आरोप है। दरअसल, मणिपुर में मंगलवार को सुरक्षाबलों पर फायरिंग की दो घटनाएं हुईं। पहला मामला टेंग्नौपाल जिले के मोरेह इलाके का है, जिसमें एक पुलिस अफसर चिंगथाम आनंद कुमार की जान चली गई।

### भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए वेंकटस्वामी

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में पूर्व सांसद विवेक वेंकटस्वामी ने भारतीय जनता पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और कांग्रेस में शामिल हो गए। वेंकटस्वामी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी को अपने इस्तीफे का पत्र भेज दिया और इसके बाद उन्होंने उसे मीडिया पर साझा कर दिया। उन्होंने भाजपा में रहने के दौरान मिले समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इसके बाद विवेशन ने शमशाबाद हवाई अड्डा के पास स्थित एक निजी होटल में आयोजित समारोह में कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने उनका स्वागत किया। श्री गांधी ने इस अवसर पर वेंकटस्वामी और उनके पुत्र वामशी को पार्टी का दुपट्टा पहनाया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए रेड्डी ने वेंकटस्वामी के कांग्रेस में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और पार्टी सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को चुनौती देने सक्षम होगी। उन्होंने कहा कि 30 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी।

---

चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट में बोली सरकार

# राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आई

**सॉलिसिटर जनरल बोले, गोपनीयता की व्यवस्था दानदाताओं के हित में रखी गई**

नई दिल्ली,एजेंसी। चुनावी बॉन्ड मामले पर बुधवार को दूसरे दिन की सुनवाई हई। इस दौरान कोर्ट में केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी बॉन्ड का बचाव किया। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि चुनावी बॉन्ड से राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है। पहले नकद में चंदा दिया जाता था। उन्होंने कहा कि गोपनीयता की व्यवस्था दानदाताओं के हित में रखी गई है। सॉलिसिटर जनरल ने आगे कहा कि राजनीतिक पार्टी को चंदा देने वाले भी गोपनीयता चाहते हैं ताकि दूसरी पार्टी उनके प्रति नाराजगी न रखें। सत्ताधारी पार्टी को ज्यादा पैसे मिलना कोई नई बात नहीं है क्योंकि 2004 से 14 के बीच भी यही हुआ था।



*सत्ताधारी पार्टी को ज्यादा पैसे मिलना कोई नई बात नहीं है क्योंकि 2004 से 14 के बीच भी यही हुआ था: तुषार मेहता, सॉलिसिटर जनरल*

### कालेधन के चलन को खत्म करने का प्रयास

मोदी सरकार ने मौजूदा चुनावी बॉन्ड योजना से राजनीतिक दलों को बैंकिक चैनलों के माध्यम से साफ-सुथरी मुद्रा सुनिश्चित करने का एक प्रयास किया है। सरकार की योजना है कि जहां तक संभव हो, चुनावों में कालेधन के चलन को खत्म किया जाए। तुषार मेहता ने चुनावी बॉन्ड के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सवाल उठाते हुए कहाकि गुमनामी या अपारदर्शिता क्या है। यह योजना गोपनीयता के अलावा और कुछ नहीं है। अगर गोपनीयता का तत्व योजना से चला जाता है तो योजना चली जाएगी। फिर 2018 के पहले वाली व्यवस्था में लौट जाएंगें। इसलिए याचिकाकर्ता बताएं कि 10 कदम पीछे जाने से क्या फायदा होगा!

### मुद्रा के डिजिटलीकरण का दिया उदाहरण

उन्होंने कहाकि जब मुद्रा का डिजिटलीकरण शुरू हुआ तो सरकार का मजाक उडाया गया। लोगों ने कहाकि यह काल्पनिक विचार है। क्या कोई सब्जी विक्रेता डिजिटल ■ **शेष पृष्ठ 5 पर**

### आज भी होगी सुनवाई

सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की संविधान पीठ ने राजनीतिक फंडिंग से जुड़ी चुनावी बांड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार से सुनवाई शुरू की। इससे एक दिन पहले अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया। इसमें उन्होंने कहा कि किसी राजनीतिक दल को मिलने वाले चंदे की जानकारी पाना नागरिकों का मौलिक अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने वेंकटरमनी से मामले में अपनी राय देने को कहा था। एडीआर का पक्ष रख रहे प्रशांत भूषण ने मंगलवार को कोर्ट में कहा था कि चुनावी बॉन्ड लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

---

सर्वदलीय बैठक के बाद बोले मुख्यमंत्री शिंदे

# महाराष्ट्र की सभी पार्टियां मराठा आरक्षण के पक्ष में

- शरद पवार समेत 32 पार्टियों के नेता बैठक में शामिल हुए
- कानूनी प्रक्रिया के लिए समय दें, आंदोलन खत्म करें

**मुंबई, एजेंसी।** मराठा आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक की। इसमें शरद पवार समेत 32 पार्टियों के नेता शामिल हुए। करीब 3 घंटे की बैठक के बाद दोपहर डेढ़ बजे शिंदे सहयाद्री भवन से बाहर आए और मीडिया से करीब 2 मिनट बात की। शिंदे ने कहा कि सर्वदलीय



बैठक में सभी दलों के नेता इस बात पर सहमत हुए कि मराठा समुदाय को आरक्षण मिलना चाहिए। यह निर्णय लिया गया कि आरक्षण कानून के दायरे में और अन्य समुदाय के साथ अन्याय किए बिना होना चाहिए। आरक्षण के लिए अनशन पर बैठे मनोज जारांगे से भी अपील है कि वो अनशन खत्म करें। हिंसा ठीक नहीं है।

**10 जिलों में हिंसक हो गया आंदोलन**– इधर, आरक्षण की मांग को लेकर मंगलवार को एक महिला समेत 9 और लोगों ने आत्महत्या कर ■ **शेष पृष्ठ 5 पर**

---

## चुनावी समर में भाजपा-कांग्रेस के दिग्गज

मुख्यमंत्री ने पुष्पराजगढ़, डिंडौरी, शहपुरा और लखनादौन में की सभाएं, बोले

# प्रदेश को ऐसे हाथों में न सौपें, जो बर्बादी के जिम्मेदार हैं



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने 68 वर्षों में मध्यप्रदेश ने प्रगति और विकास की लंबी मंजिल तय की है। प्रदेश को ऐसे हाथों में न सौपें जो प्रदेश की तबाही और बर्बादी के जिम्मेदार थे। जिन्होंने मध्यप्रदेश को भ्रष्टाचार और घोटालों का प्रदेश बना दिया था। उनसे मध्यप्रदेश को बचाना है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज पुष्पराजगढ़, डिंडौरी, शहपुरा और लखनादौन में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित सभाओं को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष हम आनंद और उत्साह से मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाते हैं। स्थापना दिवस मनाने की परम्परा भी भाजपा सरकार ने शुरू की है। इस बार आचार सहिंता के कारण सरकारी स्तर पर आयोजन नहीं कर पा रहे, लेकिन 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम में भाजपा की सरकार बनेगी। इसके बाद तिथि निश्चित करके धूमधाम से मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाएंगे।

श्री चौहान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी भी गरीब बहनों के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन मैं बहनों की गरीबी दूर करूंगा। मेरा संकल्प है बहनों की जिंदगी में कभी अंधेरा नहीं रहने दूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि, कांग्रेसी बड़े ही मायावी हैं, इनके झांसे में मत आना। ये कांग्रेसी आएंगे, भ्रम फैलाएंगे, इधर-उधर की बात करेंगे, इनकी बातों में नहीं आना है। अगर कांग्रेस आई तो न लाड़ली रहेगी न बहना रहेगी। इसलिए इनके भ्रम में नहीं आना है, मोदी जी और मामा के साथ रहना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो जनहित की कल्याणकारी योजनाएं चलाकर गरीबों का कल्याण करती है और हर क्षेत्र में विकास के कार्य करती है। मध्यप्रदेश में भी विकास की इस गति को बनाएं रखना है। ■ **शेष पृष्ठ 5 पर**

पूर्व मुख्यमंत्री ने सुरखी की सभा में कहा-

# कमलनाथ अब 2018 का नहीं 2023 का मॉडल



**सागर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सुरखी को अत्याचार और भ्रष्टाचार का केन्द्र बताते हुए कहा कि मैं अत्याचारियों और भ्रष्टाचारियों को यह बताना चाहता हूं कि कमलनाथ अब 2018 का मॉडल नहीं हैं 2023 का मॉडल हैं। उन्होंने उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि 40 दिनों बाद कमलनाथ की सरकार बनने के साथ ही पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा। वह सुरखी में आयोजित कांग्रेस की जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मैं जिम्मेदारी लेता हूं सुरखी के विकास के लिए और जिनके यहां पर मकान तोड़े गए हैं उनके फिर से मकान बनेंगे। उन्होंने कहा कि जब नई सरकार बनेगी तो सुरखी से कांग्रेस का झंडा विधानसभा में बुलंदी से लहराने का काम आप करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां स्कूलों की बात हो या रोजगार की बात हो मैं उन सभी की जिम्मेदारी लेता हूं हमारी सरकार आने पर हम सागर जिले का विकास करने का काम करेंगे और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सागर में लोगों के साथ हुए अत्याचारों को खत्म करने का करने का काम करेंगे। हमारी सरकार आने पर हम जैसीनगर को नगर परिषद बनाने का काम करेंगे। बीना बांध से प्रभावितों को उचित न्याय और मुआवजा दिलाने का काम करेंगे। श्री कमलनाथ ने कहा कि भाजपा का आज पूरा प्रयास रहेगा कि किसी तरह से समाज को बांट दिया जाए, लेकिन भारत की संस्कृति जोड़ने की संस्कृति है, इसलिए भारत एक झंडे के नीचे खड़ा है। उन्होंने कहा कि आज इस संस्कृति ■ **शेष पृष्ठ 5 पर**

---

दिवाली से पहले तगड़ा झटका

# एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 100 रुपए की बढ़ोतरी

**वाणिज्यिक एलपीजी गैस के दो महीने में दूसरी बार बढ़े दाम**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवाली से पहले लोगों को तगड़ा झटका लगा है। सरकारी तेल कंपनियों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 100 रुपए की बढ़ोतरी की है। पिछले दो महीनों में दूसरी बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। अक्तूबर में कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 209 रुपए की बढ़ोतरी की थी। इस बढ़ोतरी के एलपीजी सिंलेडरों की कीमत तब 1731.50 रुपए हो गई थी।

कीमत में नई बढ़ोतरी के बाद अब दिल्ली में 19 किलो वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर का दाम 1,731 से बढ़कर 1,833 रुपए हो गया है। वहीं मुंबई में इसकी कीमत 1,785.50 रुपए, कोलकाता में 1,943 रुपए और चेन्नई में 1999.50 रुपए हो गई है। अक्तूबर में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत मुंबई में 1,684 रुपए, कोलकाता में 1,839.50 रुपए और चेन्नई में 1,898 रुपए थी।

एक सितंबर को तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में 158 रुपए की कटौती की थी। इसके बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत घटकर 1,522 रुपए हो गई थी। अगस्त महीने की शुरुआत में भी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 99.75 रुपए की कटौती की थी। हालांकि, पिछले दो महीनों में कंपनियों ने दो बार कीमतों में बढ़ोतरी की है। हालांकि, इस दौरान खाना पकाने के लिए रसोई में इस्तेमाल होने वाली घरेलू गैस सिलेंडरों की कीमतों में कोई भी बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में 14.2 किलो घरेलू सिलेंडर की कीमत अब भी 903 रुपए है।

---

यूनेस्को ने ग्वालियर को संगीत के क्षेत्र में नामित किया

# ग्वालियर, कोझिकोड बने रचनात्मक शहर

- केरल के कोझिकोड को साहित्य के क्षेत्र में मिली उपलब्धि

**पेरिस, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक परिषद (यूनेस्को) के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क (यूसीसीएन) में इस वर्ष भारत के दो शहरों -ग्वालियर एवं कोझिकोड को नामित किया गया है। यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में मध्यप्रदेश के ग्वालियर को संगीत के क्षेत्र में और केरल के कोझिकोड को साहित्य के क्षेत्र में नामित किया गया है। यूनेस्को ने यूसीसीएन के अंतर्गत 55 शहरों की सूची जारी की है जिसमें भारत के ये दो शहरों को शामिल किया गया है। इस नवीनतम सूची जारी किये जाने के साथ नेटवर्क में 100 से अधिक देशों के 350 रचनात्मक शहर शामिल हो गये हैं जो सात रचनात्मक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं -शिल्प और लोक कला, डिजाइन, फिल्म, पाक कला, साहित्य, मीडिया, कला और संगीत। नए नामित रचनात्मक शहरों को अगले वर्ष पुर्तगाल के ब्रागा शहर में एक से पांच जुलाई के बीच होने वाले यूसीसीएन वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

यूनेस्को की आधिकारिक सूचना के अनुसार नए नामित शहर जलवायु परिवर्तन, बढ़ती असमानता, साथ ही तेजी से शहरीकरण जैसे उभरते खतरों का सामना करने के लिए अपने लचीलेपन को मजबूत करने के लिए नेटवर्क सदस्यों के साथ सहयोग करेंगे। यूनेस्को का अनुमान है कि 2050 तक दुनिया की 68 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में रहने का है। यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अज़ोले ने कहा, जब संस्कृति तक पहुंच बढ़ाने और शहरी लचीलेपन और विकास के लिए रचनात्मकता की शक्ति को प्रेरित करने की बात आती है तो हमारे क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क के शहर अग्रणी हैं।

### मध्य काल तानसेन एवं बैजू बावरा हुए

ग्वालियर ऐतिहासिक रूप से संगीत का केन्द्र रहा है। मध्य काल यहां महान संगीतकार तानसेन एवं बैजू बावरा हुए हैं और ग्वालियर की संगीत के संरक्षण एवं संवर्धन सदियों से किया जा रहा है। ग्वालियर संगीत घराने में गुरु शिष्य परंपरा अभी भी चल रही है। आज भी पूर्ववर्ती सिंधिया राजघराने द्वारा ऐतिहासिक संगीत एवं पारम्परिक वाद्ययंत्रों को बजाने वाले कलाकार और उनकी कला को जीवित रखने के लिए उनका संरक्षण किया जाता है। ग्वालियर में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय भी स्थापित किया गया है जिसमें संगीत, नृत्य, ललित कला और नाटक और रंगमंच में पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

---

एडीआर की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# मप्र के 29 विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले

**■ कांग्रेस के 16 भाजपा के 12 और बसपा के एक विधायक के खिलाफ हैं अपराधिक मामलें**

***जोगेन्द्र सोलंकी***

***नई दिल्ली, देशबन्धु।*** *जनता से भयमुक्त समाज का वायदा करने वाले राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में कितना अंतर है इसका खुलासा एडीआर की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट से हुआ है। मध्य प्रदेश की मौजूदा विधानसभा में 13 फीसदी यानि 29 विधायक ऐसे है जिनके खिलाफ अदालत ने आरोप तय कर दिए है।*

*एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश इलेक्शन वॉच ने मध्य प्रदेश विधानसभा 2018 के 230 मौजूदा विधायकों के हलफनामों का विश्लेषण कर एक रिपोर्ट जारी की है। इन 230 मौजूदा विधायकों में से 29 मौजूदा विधायक ऐसे हैं जिनके खिलाफ आरोप तय किए गए हैं। जनप्रतिनिधि कानून 1951 की धारा 8(1) (2) और (3) के तहत आने वाले अपराधों के लिए अदालत ने आरोप तय किए है। बता दें कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 उन व्यक्तियों के लिए अयोग्यता निर्धारित करती है, जिन्हें संसद के किसी भी सदन का सदस्य या राज्य की विधान सभा या विधान परिषद का सदस्य चुना जाता है । अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (1), (2) और (3) में प्रावधान है कि इनमें से किसी भी उप-धारा में उल्लिखित अपराध के लिए दोषी ठहराया गया व्यक्ति दोषी साबित होंने की तारीख से अयोग्य माना जाएगा और रिहाई के बाद से छह साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य रहेगा। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 की तीनों उप धाराओं में आईपीसी के तहत आने वाले सभी अपराध शामिल होते हैं।*

*जिन मौजूदा 29 विधायकों के खिलाफ अदालत ने आरोप तय कर दिए है उनमें कांग्रेस के विधायकों की संख्या सबसे अधिक यानी 16 है, इसके बाद भाजपा के 12 और बसपा के 1 विधायक हैं। हैरानी की बात ये हैं कि नागदा-खाचरौद निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक दिलीप गुर्जर के खिलाफ गंभीर अपराधों के मामलें अदालत में 17 साल से लंबित हैं। मानहानि के मामले में अमरपाटन सीट से बीजेपी विधायक रामखेलावन पटेल का मामला 16 साल से, रामपुर-बाघेलान से से भाजपा के विक्रम सिंह का मामला 15 साल से, तराना (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक महेश परमार का मामला 13 साल से और गोटेगांव (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक नर्मदा प्रसाद प्रजापति का अपराधिक मामला बारह साल से अदालत में लंबित है। एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक 29 में से 10 विधायक ऐसे हैं जिनके खिलाफ दस साल से अधिक करीब बारह अपराधिक मामलें लंबित हैं। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज बताया कि प्रदेश में 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। आधिकारिक जानकारी में श्री राजन ने बताया कि मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह 5:30 बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट 5:30 बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा। राजन ने बताया कि प्रदेश के बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। इसमें बालाघाट जिले के तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 108-बैहर (अ.ज.जा.), 109-लांजी और 110 -परसवाड़ा के सभी मतदान केंद्र, मंडला जिले के 105-बिछिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के-47 मतदान केंद्रों पर, 107-मंडला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 8 मतदान केंद्रों तथा डिण्डोरी जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-104 डिण्डोरी के 40 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी।*

# अर्जीनबीस, वाहन चालक और कोटवार बनके तहसील में किसानों से ठगी

**तहसीलदार ने पकडा बनाया पंचनामा, बैग से बरामद हुए तहसील के गोपनीय प्रकरण, ठगी से बनाई अकूत संपत्ति किसानो से हथयाई जमीन**



**केसली, देशबन्धु।** तहसील कार्यालय में अर्जीनबीस बनकर दाखिल हुए शख्स ने भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारियों से साठ गांठ करके जहां पिपरिया गांव में फर्जी कोटवार बन गया तो वही तहसीलदार का वाहन चालक बनकर किसानो से छल करने लगा। किसानो को ठग कर सेमरा, मरामाधौ, पटनादेवरी, पलोह गांवो में कृषि भूमि अर्जित कर अपने नाम दर्ज करा ली तो दूसरी तरफ किसानो की समस्या निदान के नाम पर लाखो रुपये ऐठे। वर्तमान तहसीलदार ने बार-बार आ रही शिकायतो और हरकतो को मद्देनजर रखकर अर्जीनबीस रामराज यादव का जब काला बैग खुलवाया तो उसमें तहसील में दर्ज प्रकरण पाकर दंग रह गये। तहसीलदार ने पाया कि रामराज यादव के बैग में तहसील से संबंधित ऐसे दस्तावेज है जो केवल कार्यालय में होने चाहिए। तहसीलदार ने बैग व दस्तावेज जप्तकर नोटरी वकील व स्टाफ के सामने पंचनामा तैयार करवाया और वरिष्ट अधिकारी को सूचना दी।


> अर्जीनबीस के बैग से तहसील न्यायालय के प्रकरण मिले है जिन्हे जप्त कर लिया गया है। वरिष्ट निर्देशन के बाद अगली कार्यवाही की जावेगी।
>
> **-संगम पाटले, तहसीलदार केसली।**

### ग्रामीणों ने की थी शिकायत

रामराज यादव ने पूर्व अधिकारी से सांठगाठ कर पिपरिया गांव में कोटवार का पद हासिल कर लिया। जिस पर नाराज ग्रामीणों ने तहसील आकर सामूहिक लिखित ज्ञापन दिया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना सूचना दिए ऐसे व्यक्ति को कोटवार बनाया जिसका नाम मतदाता सूची में भी नही था। ग्रामीणों की शिकायत पर तहसीलदार ने जांच कराने की बात कही।

### अपराध है प्रकरण बैग में रखना

किसान अपनी समस्याओं को लेकर तहसील में प्रकरण दर्ज कराते है और न्याय की बाठ देखते है। यह प्रकरण तहसील के कार्यालय में होने के साथ गोपनीय होते है। इन प्रकरण का एक अशासकीय व्यक्ति के पास मिलना अपराध है जिसकी जांच होना जरुरी है।



## प्रेक्षक सुनील कुमार ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के तहत बुधवार को सामान्य प्रेक्षक सुनील कुमार द्वारा विधानसभा क्षेत्र 38.देवरी के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने 109 बिजौरा, 112 जैतपुर कछया, 113 जैतपुर कछया, 114 जैतपुर कछया, 179 झुनकु वार्ड एक, 181 झुनकू वार्ड दो, 235 रसेना, 236 रसेना एवं 240 केवलारी का निरीक्षण किया। साथ ही निर्वाचन से संबंधित समस्त गतिविधियों का भी अवलोकन उनके द्वारा किया गया। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी गगन बिसेन साथ में उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दो गुंडा बदमाशों को 6 माह की अवधि के लिए किया जिला बदर

**बीना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना डॉ. संजीव उईके एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बीना प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन में की गई कार्यवाही में आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए शहर के दो गुण्डा बदमाश डब्बू उर्फ रोहन पिता स्व. मनोज सेन निवासी बिलगैया वार्ड बीना वर्ष 2018 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है जिसके विरुद्ध थाना पर कुल 9 अपराध अलग अलग धाराओं में पंजीवद्ध है। वहीं करन पिता भूपत सोनकर निवासी शिवाजी वार्ड बीना वर्ष 2017 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है जिसके विरुद्ध थाना पर कुल 7 अपराध अलग



अलग धाराओं में पंजीवद्ध है व दोनों के विरुद्ध

समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई किन्तु इनकी आपराधिक गतिविधियों में सुधार नहीं होने से जिला बदर फाइल तैयार कर पुलिस अधीक्षक के माध्यम से कलेक्टर सागर के समक्ष पेश किए गए। जिस पर उपरोक्त दोनों गुण्डा बदमाशों का जिलादण्डाधिकारी द्वारा जिला बदर आदेश पारित किया जाकर दोनों पर जिला बदर नोटिस तामील कर सागर जिला एवं सीमावर्ती जिलो दमोह, छतरपुर, रायसेन, नरसिंहपुर, विदिशा, अशोकनगर एवं ठीकमगढ़ जिले की राजस्व सीमा से 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर कराया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बीना निरीक्षक भरत सिंह ठाकर, देवराज, सतीश शर्मा, मलखान की भूमिका रही।

## मप्र स्थापना दिवस पर कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**सागर, देशबन्धु।** मप्र स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्टर दीपक आर्य ने कलेक्टर कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट शैलेंद्र सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कार्यालय के कर्मचारी मौजूद थे। ध्वजारोहण के पश्चात पुलिस की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा सीएम राइज स्कूल की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, मप्र गान सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप की नोडल अधिकारी पीसी शर्मा ने मतदान की अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सबको मतदान करना है, जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप योजना के तहत मतदाता जागरूकता के लिए कार्य किया जा रहा है और इसी योजना के माध्यम से 8 नवंबर को महिला अधिकारी कर्मचारियों की वाहन रैली निकाली जाएगी।

## एकता समिति ने सरदार पटेल और इंदिरा जी का स्मरण किया



**सागर, देशबन्धु।** एकता समिति ने लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल का जन्म दिन और पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी का शहीद दिवस पर स्मरण करते हुए श्रद्धा पूर्वक नमन किया। समारोह में सदस्यों ने सरदार पटेल और इंदिरा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीपप्रज्जलित किया। संस्थापक अब्दुल रशीद भाई दोनों विभूतियों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। सचिव कमल जैन ने मंगलाचरण किया। राजेंद्र सोनी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। कार्यवाहक अध्यक्ष संजय शास्त्री, राजेंद्र मलैया, सुधीर जैन, अरूण जैन, अजीत जैन, प्रमोद पटेल आदि ने राष्ट्र निर्माण के लिए महान विभूतियों के योगदान पर प्रकाश डाला। संचालन चंपक भाई ने किया। आभार शरद गुप्ता ने व्यक्त किया।

## एफएसटी ने कड़ता रोड के अंश फैमिली ढाबा से शराब और डीजल जब्त किया



**सागर, देशबन्धु।** फ्लाईग सर्विलांस टीम ने इंचार्ज प्रतीक श्रीवास्तव वन परिक्षेत्र अधिकारी ढाना के नेतृत्व में सी.विजिल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर रहली थाना क्षेत्र के कड़ता रोड स्थित अंश फैमिली ढाबा से शराब, बीयर और डीजल जब्त किया है। एफएसटी ने अंश फैमिली ढाबा के कमरे में दो पेटियां 61 पाव पावर विहस्की 180 एमएल, 8 पाव सफेद देशी शराब 180 एमएल 2 हंटर बीयर केन 500 एमएल, 4 बीयर केन पॉवर 10000, 500 एमएल हंटर की एक बीयर बोतल 650 एमएल और एक लोहे के ड्रम से भरा हुआ 120 लीटर डीजल जब्त किया। ढाबा संचालक के विरूद्ध उपरोक्त सामग्री अवैध रूप से रखने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

## 53 प्रशिक्षण स्थलों पर होगा 8 नवंबर से मतदान दलों का प्रशिक्षण

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित प्रशिक्षण केंद्रों पर 8, 9, 10 नवम्बर को डाक मतपत्र हेतु सुविधा केंद्र एफसी बनाए गए हैं। जिनमें निर्वाचन कार्य में ड्यूटीरत कर्मी अपने प्रशिक्षण केंद्र पर ही डाक मतपत्र का उपयोग कर सकेंगे, ताकि उन्हें अन्यत्र एफसी पर डाक मतपत्र वोटिंग हेतु जाने की आवश्यकता नहीं रहे। सभी विभाग प्रमुख कार्यालय प्रमुख तथा नोडल अधिकारी पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य, परिवहन, अग्निशमन, पेय जल आपूर्ति, ऊर्जा एवं अन्य सभी अपने विभाग के निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न कर्मियो को सुविधा केंद्र एफसी पर उनके प्रशिक्षण दिनाकों में प्रशिक्षण स्थल पर ही डाक मत पत्र सुविधा का लाभ पात्रतानुसार निर्धारित दस्तावेजों के साथ लेने हेतु निर्देशित करें। विधानसभा क्षेत्रनुसार प्रशिक्षण स्थल केन्द्र विधानसभा क्षेत्र बीना के लिए शास. पॉलीटेक्निक महाविद्यालस सागर में प्रशिक्षण केन्द्र 6, खुरई के लिए शास. ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय तिली सागर में प्रशिक्षण केन्द्र 6, सुरखी के लिए शास. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय सागर में प्रशिक्षण केन्द्र 7, देवरी के लिए जैन उ.मा. विद्यालय बस स्टेड सागर में प्रशिक्षण केन्द्र 6, रहली के लिए शास. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सागर में प्रशिक्षण केन्द्र 8, नरयावली के लिए शास. एमएलबी क्र. 1 उ.मा.वि. बस स्टेड के पास सागर में प्रशिक्षण केन्द्र 7, सागर के लिए केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 कैंट सागर में 6 एवं बंडा के लिए शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में प्रशिक्षण केन्द्र 7 बनाये गये है।

## टाटा बिल्डिंग इंडिया निबंध प्रतियोगिता में मोराजी के छात्रों ने मारी बाजी



**सागर, देशबन्धु।** शास. उच्च. माध्य. विद्यालय मोराजी में टाटा बिल्डिंग इंडिया के अंतर्गत कूड़े को कम करने और रिसाइक्लिंग करने के लिए 5 आदतेंय इस विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टाटा कंपनी की और से पुष्पेंद्र रजक ने प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। विद्यालय स्तर पर अशोक जैन प्राचार्य ने मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. आशीष जैन आचार्य ने संचालन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम भानु सोनी, द्वितीय रूपनारायण कुर्मी, तृतीय स्थान कृष्णा कोष्ठी ने प्राप्त किया। इसके अलावा 40 सांत्वना पुरस्कार और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। विद्यालय के अनेक शिक्षको ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए प्रमाण पत्र और पुरस्कार छात्रों को प्रदान किए। इस प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्रों में उत्साह का संचार हुआ है। छात्रों ने कचरे के रीसाइक्लिंग प्रोसेसर को सीखा। यह प्रतियोगिता निश्चित ही ज्ञान के साथ साथ राष्ट्र निर्माण में अपना श्रेष्ठ योगदान देने के लिए उत्तम उपक्रम सिद्ध हुई है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के ज्ञान वर्धन और चरित्र के लिए अत्यंत उपयोगी है।

## प्रेक्षक प्रकाश डी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** जिले की आठ विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक प्रकाश डी ने अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा एवं अन्य अधिकारियों के साथ शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचकर स्ट्रांग रूम एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार दुर्गेश तिवारी, रमेश पांडे, मयंक सिंह नगर पुलिस अधीक्षक मकरोनिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। पुलिस प्रेक्षक प्रकाश डी ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि मतदान सामग्री, वितरण सामग्री जमा एवं मतगणना के समय आयोग के निर्देशों का आरक्षश: पालन किया जाए। उन्होंने फायर सेफ्टी उपकरण एवं सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम में आने जाने वालों का पंजी संधारित करें एवं बगैर प्रवेश.पत्र धारी को प्रवेश न दिया जावे।

## राष्ट्रीय एकता के साथ मतदाता जागरूकता का संदेश दिया



**बीना, देशबन्धु।** शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया द्वारा समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को एकता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि युवा सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लें। सभी युवा मतदाता जागरूकता के लिए मतदान करने का संदेश दें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी गौरव नैलवाल ने कहा कि विद्यार्थी मतदाता जागरूकता के लिए सक्रिय पहल करें। डॉ. एमएल सोनी ने कहा कि सभी मतदाता 17 नवंबर को मतदान अवश्य करें। डॉ. एके जैन, प्रो. आरएस तिवारी एवं मो. रफीक शेख ने भी विद्यार्थियों को मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्वेता दुबे, डॉ. नमिता अग्निहोत्री, सुनील ओझा, उमेश यादव, राजेश माहौर, डॉ. नीलम सिंह, दीपिका दीक्षित सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## जिला पंचायत सीईओ ने मतदान केन्द्रों, चेक पोस्टों का किया निरीक्षण

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा ने रहली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने चेक पोस्टों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वीप योजनाओं के माध्यम से स्कूलों के छात्र-छात्राओं के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता रैली में शामिल होकर मतदान करने का संदेश भी दिया। श्री शर्मा ने निर्देश दिए गए कि मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। प्रमुख रूप से रैंप, पानी, बिजली, रजाई, गद्दे, गर्म पानी सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने मतदान दलों को भोजन की उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये।



### रामकिशोर राय बंडा के सहायक व्यय प्रेक्षक

**सागर, देशबन्धु।** मप्र वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के लेखा अधिकारी रामकिशोर राय को 42.बंडा विधानसभा क्षेत्र का सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। श्री राय की नियुक्ति पूर्व में नियुक्त सहायक व्यय प्रेक्षक लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग के संभागीय लेखाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह के स्थान पर की गई है।

### अनुपस्थित मतदान दलों का प्रशिक्षण 4 को

**सागर, देशबन्धु।** अनुपस्थित मतदाताओं 80. वर्ष आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदान हेतु गठित मतदान दलों के सेक्टर अधिकारियों, पीओ-पी1, माइक्रो ऑब्जर्वर व वीडियोग्राफर का प्रशिक्षण 4 नवबंर को पद्माकर सभागार में दोपहर 12 बजे से होगा।

## प्रेक्षक अंबामुन्थम एमपी ने रहली विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा की



**सागर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा नियुक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अंबामुन्थम एमपी विधानसभा क्षेत्र रहली पहुंचे। जहां उन्होंने रिटनिंग अधिकारी गोविन्द दुबे एवं अन्य अधिकारियों के साथ विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की। प्रेक्षक अंबामुन्थम एमपी ने रहली विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रहली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

## एकता और सौहार्द्र के भाव हमारी संस्कृति में रचे बसे हैं: प्रो. राजपूत

**सागर, देशबन्धु।** समूचा संसार एक परिवार है और विश्व कल्याण के भाव हमारी संस्कृति में रचे बसे हैं। विविधता में एकता और अखंड भारत श्रेष्ठ भारत हमारी पहचान है। मानवीय मूल्यों से संपूर्ण प्राणी जगत के सुख की कामना करना हमारे स्वभाव में निहित है। यह विचार प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान देते हुए दिये। प्रो. राजपूत ने कहा कि सुधैव कुटुंबक और परहित सरस धरम नहीं भाई भारतीय संस्कृति के मूल भाव हैं। मप्र शासन के निर्देशानुसार जिला पुलिस बल, सागर द्वारा आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता और राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत और अंकलेश्वर दुबे ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। डॉ. अंकलेश्वर दुबे ने कहा कि भगवान ने इंसान बनाया है, इंसान ने खुद को धर्म के आधार पर बांट लिया, किन्तु पशु पक्षी कभी धर्म के आधार पर बंटवारा नहीं करते। पुलिस अधिकारियों ने वाद विवाद प्रतियोगिता में विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे। वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय था भारत में मानव अधिकारों के संरक्षण में पुलिस की भूमिका जिस पर सागर जिला पुलिस बल के अधिकारियों ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रीति बोरसी ने किया। प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा की। अंत में राजकुमार सिंह चौहान ने आभार व्यक्त किया।



## सार समाचार

### मुख्यमंत्री शिवराजसिंह बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में करेगे सभा



**नौगाँव, देशबन्धु।** नगर के गर्ल्स हायर सेकेंड्री स्कूल चोराहे पर आज गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक आम सभा करने जा रहे है जिसमे बीजेपी प्रत्याशी कामाख्या सिंह को जिताने हेतु जन समर्थन की अपील करेंगे जिसके लिए नगर क्षेत्र में प्रचार प्रसार चल रहा है मिली जानकारी के हिसाब से सीएम टीकमगढ़ से होते हुए नौगाँव पहुचेंगे लगभग 2 बजे का समय निर्धारित किया गया है इस सभा हेतु बड़ी संख्या में लाडली बहनों को भी आमंत्रित किया गया है सभा की तैयारियां प्रशाशन स्तर पर की जा रही है चोराहे के पास साफ सफाई पेड़ो की छटाई की गई है।

सीएम के नौगाँव के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा ब्यवस्था की तैयारियों का जायजा लेने हेतु छतरपुर पुलिस अधीक्षक अमित सांघी नौगाँव पहुचे उन्होंने हेली पेढ सभा स्थल का रूट और सभा स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा की तैयारी देखी बी वीआईपी दौरों पर आईपीएस अधिकारियों का नजर रखना खाश होता है वही प्रशाशन पूरी हरकत में सभी तैयारियों पर पैनी नज़र रखी जा रही है वही बीजेपी पार्टी भीड़ जोड़ने के प्रयास रत है कल के दौरे से सम्भावना है सीएम बीजेपी के अंसतुष्ट नेताओ से भी मुलाकात कर पार्टी को जिताने हेतु कह सकते है बीजेपी के सभी पदाधिकारी क्षेत्रीय नेताओ सहित भारी जन समुदाय इकट्ठा होने की संभावना है।

### आई.एम. वोटर कक्का स्वीप अंतर्गत छतरपुर जिले के शुभंकर आई. एम. वोटर कक्का का अनावरण



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रहीं है। विधानसभा चुनाव अंतर्गत 17 नवम्बर को मतदान होना है। इसी कड़ी में नगरपालिका छतरपुर परिसर में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. और डीआईजी ललित शाक्यवार ने छतरपुर जिले के शुभंकर आई.एम. वोटर कक्का सेल्फी स्टैन्डी का अनावरण किया। वोटर कक्का शुभंकर के साथ सभी ने फोटो खिंचवाकर वोट डालने का संदेश दिया। वोटर कक्का मतदाताओं को 17 नवम्बर को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हैं।

### सीआईएसएफ के जवानों के साथ पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**सटई, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से संपन्न करवाने के लिए तथा आमजन को निर्भीक होकर मतदान करवाने के उद्देश्य से पुलिस व सीआईएसएफ अर्धसैनिक बल के 70 जवानों ने नगर के मुख्य मार्गो बाजार, बेदन मोहल्ला, बस स्टैंड पर पैदल फ्लैग मार्च निकाला। थाना सटई अंतर्गत ग्राम पंचायत सांदनी, बांदनी, पारवा, भैरा, पड़रिया चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत नेगुवा, हिम्मतपुरा, बसाटा में सीआईएसएफ सहित थाना टीआई परसराम डावर एवं पुलिस के जवानों ने अर्ध सैनिक बलों के जवानों के साथ पैदल फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस ने आमजन से संवाद कर चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने तथा आने वाले विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने का आग्रह किया।

### ग्राम अतनिया, श्यामरा में ग्रामीणों ने कदम से कदम मिलाकर दिया जीत का भरोसा

# सुख-दुख में काम आने वाली भाजपा को जिताएं : ललिता



**छतरपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस की सरकार ने हर बार झूठे वादे किये, आमजन से केवल छलावा ही किया है, उनकी बातों में न आएं। आपके सुख-दुख में काम आने वाली भारतीय जनता पार्टी को जितायें, अपने आर्शीवाद से छतरपुर में कमल खिलायें। यह बात भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री और छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने ग्राम अतनिया और श्यामरा में जनसंपर्क करते हुए ग्रामीणों से कही।

अतनिया गांव में भ्रमण के दौरान ग्रामीणजनों से मुलाकात करके श्रीमती ललिता यादव ने उन्हें भाजपा सरकार की रीति-नीति और विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्हें बताया कि किस तरीके से कांग्रेस की सरकारों ने जनता से हमेशा छल किया है और एक बार फिर वह आपके दरवाजे पर विकास के बड़े.बड़े वादे करके वोट मांगने आएंगे।

लेकिन आपको ध्यान रखना है कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने हमेशा आपके हित में काम किया है और आगे भी करती रहेगी। इसलिए इस बार भी बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी को अपना वोट देकर उसकी जीत सुनिश्चित करें।

### कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी ने कहा

## जनता भाजपा के घोटाला राज को उखाड़ फेंकेगी : चतुर्वेदी



**जनसंपर्क के दौरान गिनाए पांच साल के काम**

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया ने बुधवार को अपने जनसंपर्क के दौरान विधानसभा क्षेत्र की जनता का आह्वान करते हुए कहा कि 17 नवंबर की तारीख मप्र में बदलाव की इबारत लिखने की तारीख है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि यह मौका हमें आने वाले पांच वर्षों के भविष्य को लिखने का अवसर देगा। उन्होंने कहा कि पिछले 18 वर्षों में भाजपा की सरकार के कारण जनता भ्रष्टाचार और घोटालों से त्रस्त हो गई है। यह चुनाव हमें इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का मौका देगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश के हर वर्ग को ध्यान में रखकर अपना वचन पत्र लायी है जिसमें 100 यूनिट तक की बिजली माफ होगी, 200 यूनिट तक का बिजली बिल हाफ होगा, 500 रूपए में गैस सिलेण्डर मिलेगा, महिलाओं को नारी सम्मान योजना के तहत हर महीने 1500 रूपए की राशि और बच्चों को हर महीने शिक्षा की छात्रवृत्ति मिलेगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कांग्रेस को मौका देकर प्रदेश को खुशहाल बनाएं। बुधवार को उन्होंने डेरा पहाड़ी जैन मंदिर, सिंचाई कॉलोनी, नीलकंठ नगर, रेडियो कॉलोनी, सर्वेश्वर मंदिर वार्ड नं.17, दुर्गा कॉलोनी सहित ग्राम पुछी, बूढ़ा, मौराहा और गुरैया का भ्रमण करते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की।

### *साईकिल से वोट मांगने निकले सपा प्रत्याशी*



***छतरपुर, देशबन्धु।*** *महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी ने अपने चुनाव चिन्ह साईकिल को ही जनसंपर्क के दौरान अपना वाहन बना लिया है। वे गांव और शहर में मौका लगते ही साईकिल पर सवार होकर निकल पड़ते हैं, लोगों के घर-घर रूककर उनसे सपा के लिए मतदान की अपील करते हैं। अजय दौलत तिवारी का यह तरीका लोगों को खूब भा रहा है। जनसंपर्क के दौरान वे क्षेत्र के युवाओं के साथ संवाद करते हुए कई मुद्दों पर उनका ध्यान खींच रहे हैं।*

*अजय दौलत तिवारी ने बुधवार को जनसंपर्क के दौरान जनमानस के बीच कहा कि चुनाव की इस घड़ी में आपके बीच कांग्रेस और भाजपा दोनों के प्रत्याशी आएंगे। आप दोनों ही प्रत्याशियों का मूल्यांकन करने के बाद मेरी सेवा और सोच पर भी विचार करें, उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्याशी राजमहल में पले बढ़े नेता हैं जिनके पास आम जनता के लिए समय नहीं है जबकि कांग्रेस का प्रत्याशी क्षेत्र की जनता के साथ और अपनी ही पार्टी के साथ धोखेबाजी के आदि हैं उनके पास न तो विकास की समझ है और न ही युवाओं को आगे बढ़ाने का विजन है। उन्होंने कहा कि महाराजपुर क्षेत्र भीषण बेरोजगारी और पलायन से जूझ रहा है, हमें इस क्षेत्र को एक ऐसा नेतृत्व देना होगा जिसके पास क्षेत्र के विकास का मजबूत योजना पत्र हो। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि यदि समाजवादी पार्टी को आपने आशीर्वाद दिया तो वे इस क्षेत्र के लिए वह काम करके दिखाएंगे जो आज तक नहीं हुआ।*

### *विधानसभा क्षेत्र का विकास कराने भाजपा को चुनें : पटैरिया*



***छतरपुर, देशबन्धु।*** *राजनगर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटैरिया का चुनावी जनसंपर्क लगातार जारी है, इसके साथ उनका 13 वर्षीय पुत्र प्रियम पटैरिया भी पिता को चुनाव में जीत दिलाने गांव-गांव लोगों से जनसंपर्क कर रहा है।*

*अपने जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटैरिया ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा को चुनें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक ने 15 साल में क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनगर विधानसभा का चहुमुखी विकास किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य और क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा और नरेन्द्र मोदी का साथ दें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने ही महिलाओं को सम्मान दिया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने लाड़ली बहना योजना चलाई। इसी तरह भाजपा ने कई योजनाओं के माध्यम से आम आदमी का विकास किया है। भाजपा प्रत्याशी ने आज नांद, भिलगवां, पथरया सहित अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर जीत का आशीर्वाद मांगा। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटैरिया के साथ आकाश पटेल, कालीचरण पटेल, कमलेश पटेल, लोकपाल सिंह बुन्देला, पुष्पेन्द्र कुटिया, हरनारायण अवस्थी, श्यामबाबू त्रिवेदी, कृष्ण कुमार पटेल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।*

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने दूरभाष पर जिले से बाहर काम करने गए मतदाताओं से की बात

## दीपावली पर आएंगे, त्यौहार मनाएंगे और वोट भी डालेंगे

- **मतदाताओं को दूरभाष से भी किया जा रहा मतदान करने प्रेरित**



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने जिले के ऐसे मतदाताओं से दूरभाष पर बातचीत की जो कामकाज के सिलसिले में जिले से बाहर दूसरे प्रदेशों में रह रहे हैं। जिनका आवश्यकता अनुसार जिले में आना जाना लगा रहता है।

कलेक्ट्रेट स्थित जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से धन्नु चढ़ार निवासी ग्राम सरकना बड़ामलहरा से दूरभाष पर बात की जो अभी दिल्ली में काम करने गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर. ने श्री धन्नु से उनके हाल चाल पूछते हुए बताया कि जिले में 17 नवम्बर को मतदान है। धन्नु ने हां कहते हुए कहा कि उसे जानकारी है और वह दीपावली पर आएंगे। साथ ही उसके मित्र परिवारजन भी आएंगे, त्यौहार भी मनाएंगे और मतदान भी करेंगे।

कलेक्टर ने जिले के ग्राम अतरार निवासी विजय से भी बात की। विजय वर्तमान में गुडग़ावं में काम के सिलसिले में गए हुए हैं। विजय ने कहा कि वह मतदान करने अवश्य आएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर. के निर्देशानुसार ऐसे मतदाताओं से लगातार बात कर 17 नवम्बर को जिले में आकर मतदान करने का अनुरोध किया जा रहा है। जिले में लगातार स्वीप गतिविधियों के माध्यम से भी शतप्रतिशत मतदान कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। बातचीत के दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती तपस्या परिहार भी उपस्थित रहीं।

### चुनाव प्रेक्षकों ने एमसीएमसी कक्ष और जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया



**छतरपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वतंत्र, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव प्रेक्षक नियुक्त किये गये है। चुनाव प्रेक्षक के. कन्ना बाबू एवं राजेश मीणा ने जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के साथ कलेक्ट्रेट में बनाये कक्ष एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया के खबरों पर निगरानी रख टीम से कहा कि पैड न्यूज पर विशेष रूप से ध्यान रहे। यदि पैड न्यूज दिखाई देती है तो तत्काल कार्यवाही करें।

इसके पश्चात चुनाव प्रेक्षकों ने जिला स्तरीय कण्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सी-विजिल से प्राप्त शिकायत और 1950 पर मतदाताओं की शिकायतों के समाधान के लिए की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली। यहां कंट्रोल रूम में सी-विजिल के माध्यम से शिकायतों का निराकरण 100 मिनिट के अंदर किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार और उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया उपस्थित रहे।

### सपा प्रत्याशी को ग्रामीण अंचलों में मिल रहा व्यापक जन समर्थन



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर विधानसभा के सपा प्रत्याशी बीपी चंसौरिया का चुनावी जनसंपर्क लगातार जारी है, इसके साथा ही उनके पुत्र अम्बुज चंसौरिया भी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर सपा प्रत्याशी बीपी चंसौरिया को जिताने की अपील कर रहे हैं।

अपने जनसंपर्क के दौरान सपा प्रत्याशी बीपी चंसौरिया ने भाजपा-कांग्रेस पर विधानसभा क्षेत्र के विकास में लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा और कांग्रेस सिर्फ अपना विकास करती है, उन्हें जनता के विकास से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं एक शिक्षक रहा हूं और हमेशा बच्चों को आगे बढ़ाने में सहयोग किया है। जब कोई बच्चा बड़े पदों पर पहुंच जाता है तो वो और उसका परिवार हमेशा शिक्षक द्वारा दी गई शिक्षा को ही याद करता है। उन्होंने कहा कि आप मुझे विधानसभा पहुंचाना आपका काम है और आपका भविष्य संवारना मेरा काम है। उन्होंने कहा कि मैं आपको यह विश्वास दिलाता हूं कि यदि आपका आशीर्वाद मुझे मिलेगा तो अगले पांच वर्षों में आपको शिकायत का एक भी अवसर मेरे द्वारा नहीं दिया जाएगा। सपा प्रत्याशी बीपी चंसौरिया ने बीते रोज शहर जी चौबे कॉलोनी, कछयाना मोहल्ला, सनसिटी सहित ग्रामीण क्षेत्र के देरी, धौरी और कूडऩ्ताल में जनसंपर्क कर लोगों से समर्थन मांगा। वहीं उनके पुत्र अम्बुज चंसौरिया ने सुकवां, पुरवा, लहेरा, गोपालपुरा सहित अनेक ग्रामों का दौरा कर अपने पिता के लिए लोगों से आशीर्वाद मांगा।

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ रंगारंग आयोजन



- **कलेक्टर श्री जी.आर. ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया**


**छतरपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश का 68वां स्थापना दिवस छतरपुर जिले में उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर संदीप जी.आर. के मुख्यातिथ्य में नगरपालिका परिषद छतरपुर के प्रांगण में किया गया। कलेक्टर श्री जी.आर. ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन हुआ। इस अवसर पर डीआईजी ललित शाक्यवार, एसपी अमित सांघी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया सहित नागरिकगण उपस्थित थे।

स्थापना दिवस के अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्जवलन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। शा.उ. मा. विद्यालय क्रमांक 1 के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत किया गया। साथ ही हम हैं एमपी वाले थीम पर छात्राओं द्वारा नृत्यगीत की प्रस्तुति दी गई। एमएलबी की छात्राओं द्वारा बुंदेली लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। छात्रा अनुष्का शुक्ला ने ढोलक के साथ एकल गीत (1 नवम्बर सन् छप्पन में मध्यप्रदेश बनो प्यारो...) प्रस्तुत कर म.प्र. के 1 नवम्बर 1956 को हुए गठन की जानकारी दी।

### *सीबीएसई क्लब मध्यप्रदेश के बैनर तले चल रही एथलेटिक्स प्रतियोगिता*

## नौगांव के बेटे ने 5 सौ मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर बढ़ाया मान

**रायपुर में होने वाले 5 से 7 नवम्बर तक आयोजित होने वाले नेशनल चैंपियन में करेंगें प्रतिनिधित्व**



***नौगांव, देशबन्धु।*** *शहर के प्रॉपर्टी डीलर के कटनी के स्कूल में अध्यनरत बेटे ने भोपाल में सीबीएसई क्लब द्वारा आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेते हुए 5 सौ मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल तो वहीं पंद्रह सौ मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतते हुए अपने परिवार सहित शहर का मान बढ़ाया है। प्रतिभागी युवा ने यह प्रतियोगिता जीतने के साथ ही रायपुर में 5 से 7 नवंबर तक आयोजित होने वाली नेशनल एथलेटिक्स चैंपियन के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।*

*शहर के पत्रकार एवं प्रोपर्टी डीलर शिवोम सिंह शिब्बू यादव के पुत्र जय यादव ने शहर का नाम रोशन किया है। कटनी के सन इंटरनेशल स्कूल में अध्यनरत बारहवीं के छात्र जय यादव ने भोपाल के एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल भोपाल में सीबीएसई क्लब मध्य प्रदेश के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेते हुए 5 सौ मीटर दौड़ में में प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल तो वहीं पंद्रह सौ मीटर दौड़ में तीसरा स्थान पाते हुए सिल्वर मेडल जीता है।*

*भोपाल में 28 से 31 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के 65 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।जय यादव ने 500 मीटर दौड़ में मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल जीता। गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही जय यादव ने रायपुर के यश गोपाल पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाली नेशनल चैंपियन के लिए क्वालीफाई कर लिया है। जय यादव ने अपनी सफलता के लिए अपने माता पिता के साथ - साथ स्कूल कटनी के प्राचार्य अमित कुमार शर्मा को श्रेय दिया है। आपको बता दें की जय यादव ने कक्षा 5वी तक नौगांव के आर्मी स्कूल में पढ़ाई की और 6वी कक्षा से वह कटनी में अध्यनरत है। रायपुर में आयोजित नेशनल चैम्पियन में भारत के साथ-साथ 5 विदेशों के छात्र भी भाग लेंगे। जय यादव के पिता मूलतः ग्राम बिलहरी के निवासी है और वह सरपंच भी*

सागर, गुरूवार 2 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## और भी जानलेवा होती भारतीय सड़कें

एक ओर तो भारत सरकार सड़क यातायात को सुगम और सुरक्षित साबित करने के बड़े दावे करती है परन्तु वास्तविकता यह है कि भारतीय सड़कें बेहद असुरक्षित हैं जो हर रोज न जाने कितने लोगों के जीवन को लील रही है और लोगों को घायल कर रही हैं। इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे भी हैं जो आजीवन विकलांग या शारीरिक रूप से पूरी तरह असमर्थ हो जाते हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा भारत में 2022 के दौरान होने वाले सड़क हादसों को लेकर जो वार्षिक रिपोर्ट जारी की गई है वह बेहद चिंताजनक है। स्थिति की गम्भीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत में कहीं न कहीं औसतन हर घंटे 53 दुर्घटनाएं होती हैं जिनमें 19 लोगों की मौत हो जाती है। ये आंकड़े चेतावनी के रूप में लिये जाने चाहिये और इन दुर्घटनाओं को टालने के लिये असरकारी कदम उठाने होंगे। सड़कें न केवल सुरक्षित हों वरन वाहनों की स्थिति भी ठीक होना चाहिये तथा वाहन चालन भी दोषरहित हो तभी सड़क यातायात को सुरक्षित कर नागरिकों के अमूल्य जीवन बचाये जा सकते हैं।

हर वर्ष राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस विभागों द्वारा ऐसी रिपोर्ट जारी होती है। साल 2022 के आंकड़े सड़क दुर्घटनाओं और उनके चलते होने वाली मौतों की संख्या व घायलों की तादाद में बड़ी बढ़ोतरी को दर्शाते हैं। ये आंकड़े एशिया पेसिफिक रोड एक्सीडेंट डाटा के अंतर्गत जारी किये गये हैं। इसके अनुसार साल 2022 के दौरान देश भर में 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 1,68,491 लोगों की मौत हुई और 4,43,366 लोग घायल हुए। उसके पहले साल की तुलना में दुर्घटनाएं 11.9 प्रतिशत बढ़ी हैं। 9.4 फीसदी अधिक लोगों की मृत्यु हुई जबकि घायलों की संख्या के लिहाज से यह 15.3 प्रश की वृद्धि है।

रिपोर्ट में सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण निर्धारित गति से भी तेज चालन, नशे में गाड़ी चलाना और यातायात नियमों का अनुपालन न करना बताया गया है। सड़क हादसों को लेकर वाहन चालकों को जागरूक करने की ज़रूरत बतलाई गई है। उनके लिये शैक्षणिक व प्रशिक्षण अभियान भी आवश्यक बताये गये हैं। सवाल तो यह है कि कुछ वर्षों पहले भारत सरकार ने नियम तोड़ने वालों के लिये बड़े जुर्माने निर्धारित किये थे। विशेषज्ञों ने तभी यह राय जाहिर की थी कि भारी-भरकम आर्थिक दण्ड की बजाय जागरूकता बेहतर उपाय है। मंत्रालय का यह भी दावा रहा है कि सड़क हादसों को रोकने के लिए कई तरीके अपनाए जा रहे हैं जिनमें मंत्रालय द्वारा वाहन चालकों को प्रशिक्षण देना आदि शामिल है। इसके अलावा वह सड़कों की गुणवत्ता, वाहन के मानक, यातायात नियमों का कड़ाई से अमल सहित दुर्घटनाओं को रोकने के अन्य पहलुओं पर काम करने का दावा भी करती रही है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा मिलकर काम करने की ज़रूरत भी बतलाई गई है। मंत्रालय ने कई अन्य संबंधित संगठनों के साथ मिलकर इन्हें रोकने की ठानी है। इस कार्यक्रम को 4ई का नाम दिया गया है, जिसमें शिक्षा (एजूकेशन), इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन दोनों), प्रवर्तन (एनफोर्समेंट) और आपातकालीन देखभाल (इमरजेंसी केयर) शामिल हैं। मंत्रालय का यह भी दावा है कि वह सड़क सुरक्षा ऑडिट कराने जा रही है। इस क्षेत्र में कई तरह के शोध, अध्ययन आदि भी किये जा रहे हैं ताकि सड़कों को पूर्णत: निरापद बनाया जा सके।

यह रिपोर्ट बहुत ही चेतावनी भरी है। इसलिये सरकार को चाहिये कि वह सभी आवश्यक कदम उठाये। देखा तो यह जाता है कि सरकारों की रुचि केवल सड़कों के अनावश्यक रूप से चौड़ीकरण और फोर लेन या सिक्स लेन बनाने में रहती हैं। ये सड़कें परिवहन का समय घटाने और हादसों को रोकने के नाम पर चौड़ी तो कर दी जाती हैं लेकिन दुर्घटनाओं में कोई कमी नहीं हो पाती। सफर में लगने वाला वक्त ज़रूर घट जाता है परन्तु वह इकलौता लाभ पर्याप्त नहीं है। देखा यह भी गया है कि वाहन चलाने वाले और रास्तों पर चलने वाले कोई भी सुरक्षित नहीं है। यहां तक कि रास्तों के किनारे रहने वाले भी दुर्घटनाओं की आशंका में जीते हैं।

हाल के वर्षों में वाहनों की गुणवत्ता भी काफी सुधरी है परन्तु यह भी सच है कि उसकी गति में भी इज़ाफ़ा हुआ है। तिस पर बेहतरीन व चौड़ी सड़कें पाकर वाहनों को फर्राटा गति से दौड़ाने का लालच भी बढ़ा है। समस्या यह है कि सड़कों पर चलने-चलाने का शऊर अब तक भारत के लोगों में विकसित हो नहीं पाया है। सरकार को लगता है कि केवल बड़ी राशि का जुर्माना ठोंककर समस्या से निज़ात पाया जा सकता है। कुछ बड़े व अनुशासनप्रिय शहरों में तो यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर निगरानी रखी जाती है लेकिन छोटे शहरों, कस्बों व गांवों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि लोगों को नियमों का पालन करने के लिये प्रेरित या बाध्य किया जा सके। परिवहन व यातायात के तमाम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सड़कों पर वाहन दौड़ते नज़र आते हैं। हेलमेट व सीट बेल्ट लगाये बिना वाहन दौड़ते हैं, बाईं ओर चलना अब तक देश ने सीखा ही नहीं, गलत ओवरटेकिंग करना व कट मारना लोगों का खास शगल है। निर्धारित संख्या से अधिक लोगों को ठूंसकर वाहन चलते हैं। निर्धारित गति से अधिक तेज़ रफ्तार के कारण सड़क के किनारे पलटी हुई गाड़ियां और उनके कारण मरने वाले व घायल होते लोगों के मंज़र स्वयं ही बतलाते हैं कि भारतीय सड़कें कितनी निरापद हैं।

# चरित्र की कसौटी पर कंगना और दीपिका

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

बीते शुक्रवार को कंगना रनौत की फिल्म तेजस रिलीज हुई, और बुरी तरह पिट गई। फिल्मों का फ्लॉप होना कोई अनहोनी नहीं है। तीसरी कसम जैसी उत्कृष्ट फिल्म को भी दर्शकों ने नकार दिया था, लेकिन बाद में उसकी सार्थकता समझ आई। वैसे तेजस की कोई तुलना कालजयी रचना तीसरी कसम से नहीं की जा सकती, न ही ये कहा जा सकता है कि इस फिल्म का भविष्य क्या होगा। फिलहाल तो ये देखकर आश्चर्य हुआ कि जिस फिल्म को लोग थियेटर में देखने नहीं जा रहे, जिस फिल्म के कई शो दर्शकों की गैरमौजूदगी के कारण रद्द करने पड़े, उसे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और पूरी योगी केबिनेट ने लखनऊ में लोकभवन में की गई स्पेशल स्क्रीनिंग में देखा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के आखिरी दृश्यों में योगीजी के आंसू भी निकल आए। इस स्पेशल स्क्रीनिंग की जगह अगर ये दोनों मुख्यमंत्री अपनी केबिनेट के साथ सिनेमा हॉल जाकर ही फिल्म देख लेते तो थियेटर वालों की कमाई भी हो जाती साथ ही इस पर जनता के पैसों से हुआ खर्च भी बच जाता।

खैर, दोनों मुख्यमंत्रियों के साथ फिल्म देखने के लिए कंगना रनौत भी मौजूद थीं और इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि महाराज जी ने इस फिल्म को देखा और सराहा, इससे उन्हें कितनी खुशी हुई है। इसके साथ ही कंगना ने इस फिल्म को न देखने वालों को एंटी नेशनल भी करार दिया। कंगना के विचार सुनने के बाद लगा कि क्या अब इस देश में मनोरंजन का हक भी जनता से छीन लिया जाएगा। क्या अपनी मर्जी से लोग ये भी तय नहीं कर पाएंगे कि कौन सी फिल्म उन्हें देखनी है और कौन सी नहीं। खबर है कि अहमदाबाद में तेजस जिस थियेटर में लगी थी, वो पूरा खाली था, तो क्या कंगना अब अहमदाबाद की जनता को राष्ट्रविरोधी कह देंगी।

वैसे बीते शुक्रवार फिल्म की निराशाजनक शुरुआत के बाद कंगना ने सोशल मीडिया पर आकर लोगों से नाटकीय तरीके से अपील की कि उनकी फिल्म को लोग थियेटर में जाकर देखें। कंगना ने अपनी बात में वजन डालने के लिए कोरोनाकाल के बाद की दुश्वारियों और फिल्म उद्योग की परेशानियों का जिक्र भी किया, हालांकि उनकी ये अपील हास्यास्पद ही लगी, क्योंकि कोरोना के बाद पठान और गदर 2 जैसी फिल्मों ने खूब कमाई की है। जबकि कंगना रनौत की फिल्में लगातार पिट रही हैं और इसकी एक ही वजह हो सकती है कि दर्शक उनमें उत्कृष्टता की कमी महसूस कर रहे होंगे। दर्शक हो या जनता लोकतंत्र में उनके मन की बात ही सुनी जानी चाहिए। मगर 2014 के बाद जो तथाकथित आजादी देश को मिली है, उसमें दर्शकों और जनता की आजादी पर पहरे बिठाए जा रहे हैं। कंगना ने अपनी फिल्म को देखने की अपील के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों से अपने फैन क्लब से जुड़ने की अपील भी की और इसके अलावा अपने साथ न जुड़ने वाले लोगों को एक तरह से बद्दुआ देते हुए लिखा कि, 'वे सभी लोग जो मेरा बुरा चाह रहे हैं, उनका जीवन हमेशा दुखों से भरा ही रहेगा, क्योंकि उन्हें जीवन भर हर दिन मेरा गौरव ही देखना होगा।'

कंगना रनौत जाहिर तौर पर ये सब प्रचार के लिए कर रही हैं और उनसे पहले भी खुद को लाइमलाइट में लाने के लिए ऐसे अतरंगी तरीके दूसरे कलाकार अपनाते रहे हैं। अब तक ऐसे कलाकारों का मखौल बनाया जाता रहा है। लेकिन कंगना रनौत के मामले को हल्के में नहीं लिया जा सकता, क्योंकि सक्रिय राजनीति में न होने के बावजूद जिस तरह वो कभी इजरायली राजदूत से मिल रही हैं, जैसे उनकी फिल्म को देखने पूरी यूपी सरकार पहुंच रही है, उससे समझ आता है कि इस प्रचार-प्रसार के पीछे कोई राजनैतिक खेल छिपा हुआ है। कंगना बार-बार कम उम्र में घर छोड़कर निकलने और अपने संघर्षों का हवाला देकर बताती हैं कि अपना जीवन उन्होंने खुद संवारा है। छोटे शहर की लड़की होने के बावजूद अपनी मेहनत से शोहरत हासिल करना अच्छी बात है। लेकिन ये चारित्रिक दृढ़ता बरकरार भी रहना चाहिए। आपकी फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया तो आप उन्हें राष्ट्रविरोधी कह देंगी, ये तो गलत बात है। मगर राष्ट्रवाद की अफीम का सेवन जिन लोगों ने कर लिया है, उन्हें इस चारित्रिक कमजोरी में भी देशप्रेम ही दिखेगा।

वहीं दूसरी ओर हैं दीपिका पादुकोण, जिन्होंने फिल्म जगत में अपनी मेहनत से ही नाम कमाया है। दीपिका की फिल्म पद्मावत को लेकर किस तरह का बवाल पूरे देश में खड़ा किया गया था, यह सभी को याद होगा। इसके बाद दीपिका की जेएनयू में छात्रों के साथ खड़ी तस्वीर भी बहुत से लोग नहीं भूले होंगे। 2020 में जेएनयू के छात्रों पर नकाबपोश लोगों के हमले के बाद दीपिका जेएनयू पहुंची और चुपचाप प्रदर्शन करने वाले छात्रों के बीच खड़ी रहीं। उनकी चारित्रिक दृढ़ता का एक बड़ा उदाहरण सामने आया। लेकिन दीपिका को केवल इसलिए निशाने पर लिया गया, क्योंकि उन्होंने अपने समकालीन बहुत से कलाकारों की तरह मोदी सरकार की जी हुज़ूरी नहीं की। दीपिका अब भी वही कर रही हैं, जो उन्हें ठीक लगता है। जैसे कॉफी विद करण शो में अपने पति रणवीर सिंह के साथ पहुंची दीपिका ने शादी के पूर्व के अपने संबंधों, मानसिक स्वास्थ्य, डिप्रेशन पर खुलकर बात की। इस पर दीपिका को चरित्रहीन ठहराने की मुहिम सोशल मीडिया पर चल गई। दो वयस्क, जो लंबी दोस्ती के बाद अब पति-पत्नी हैं, खुलकर अपने संबंधों पर बात कर रहे हैं, तो इसमें चरित्रहीनता की बात कहां से आ गई। दीपिका और रणवीर की जिंदगी में उनके आपसी संबंध कैसे रहे और कैसे आगे बढ़े, ये उनका निजी मामला है, जिस पर कुछ बोलने या न बोलने का हक उनका है, दूसरों का कोई हक नहीं बनता कि इसमें किसी को चारित्रिक प्रमाणपत्र दें। विडंबना ये है कि विश्वगुरु बनने के लिए अब भारत ने मध्यकालीन संकीर्णताओं की गलियों से गुजरना शुरु कर दिया है, जहां किसी महिला के चरित्र की मजबूती उसके संबंधों के आधार पर तय की जाती है। उसकी आत्मनिर्भरता और मुद्दों पर स्वतंत्र राय से पुरुष सत्तात्मक समाज तिलमिला जाता है। यहां सिंदूर और खाली प्लॉट जैसी बेहूदगी भरी बातों पर लोगों को गुस्सा नहीं आता, लेकिन एक महिला ने शादी के पहले के अपने जीवन पर कुछ खुलासा कर दिया, तो उन्हें तकलीफ हो जाती है।

> महिला स्वतंत्रता की परिभाषा भी संकीर्ण मानसिकता के लोग अपने हिसाब से ही तय करना चाहते हैं। इसलिए इन लोगों को कभी दीपिका पादुकोण से तकलीफ होती है, कभी महुआ मोईत्रा से और राहुल गांधी से तो हमेशा ही ये लोग चिढ़े रहते हैं, क्योंकि महिलाएं, बच्चियां, किशोरियां सब बड़ी सहजता से राहुल गांधी से मिलती हैं। दिक्कत ये है कि मजबूत इच्छाशक्ति के इन लोगों को सत्ता के हिसाब से तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता है।

दरअसल महिला स्वतंत्रता की परिभाषा भी संकीर्ण मानसिकता के लोग अपने हिसाब से ही तय करना चाहते हैं। इसलिए इन लोगों को कभी दीपिका पादुकोण से तकलीफ होती है, कभी महुआ मोईत्रा से और राहुल गांधी से तो हमेशा ही ये लोग चिढ़े रहते हैं, क्योंकि महिलाएं, बच्चियां, किशोरियां सब बड़ी सहजता से राहुल गांधी से मिलती हैं। दिक्कत ये है कि मजबूत इच्छाशक्ति के इन लोगों को सत्ता के हिसाब से तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता है, इसलिए इनके चरित्र हनन की कोशिशें जारी रहती हैं। मगर ट्रोलर्स यहां भी मार खा जाते हैं। क्योंकि दो लोगों के बीच संबंधों के आधार पर किसी का चरित्र तय करने वाले ये समझ ही नहीं पाते कि चरित्र सच्चाई, ईमानदारी, बुलंद हौसले, दृढ़ इच्छाशक्ति जैसे चुनिंदा अवयवों से मजबूत बनता है और जहां इन अवयवों का अभाव होता है, वहां चरित्र कमजोर पड़ जाता है।

कबीर दास जी ने समाज को बहुत पहले चरित्रचित्रण और परीक्षण का तरीका समझा दिया था। कबीर ने कहा था-

सोना सज्जन साधु जन, टूटि जुरै सौ बार।
दुर्जन कुंभ कुम्हार के, एकै धका दरार॥

तो कंगना हो या दीपिका, संघर्ष तो सबके जीवन में रहा है। लेकिन यह उनका चयन है कि सौ बार धक्का खाने के बावजूद वो खुद को जोड़ने की हिम्मत रखती हैं या एक धक्का खाकर ही दरार को भरने के लिए सत्ता का फेवीकोल लेने सरकार की शरण में पहुंचती हैं।

# रेल सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के समक्ष है एक बड़ी चुनौती

■ नन्तू बनर्जी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात से राहत नहीं मिल सकती कि सरकार का सबसे बड़ा सार्वजनिक संपर्क भारतीय रेलवे खराब स्थिति में है। भारत का रेलवे नेटवर्क, जिसे एकल प्रबंधन के तहत दुनिया की सबसे बड़ी रेलवे प्रणालियों में से एक माना जाता है, प्रतिदिन लगभग 240 लाख यात्रियों को अपने गन्तव्य तक ले जाता है। राजनीतिक रूप से, यह प्रतिदिन 240मेगा सार्वजनिक रैली को संबोधित करने जैसा है, जिनमें प्रत्येक की औसत दर्शक संख्या एक लाख होती है।

रेलवे राष्ट्रीय सरकार के चेहरे का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय रेलवे के पास लगभग 4.77 लाख हेक्टेयर भूमि है जो कुछ राज्यों के आकार से बड़ी है। अतीत में, देश की कुछ सबसे प्रतिष्ठित राजनीतिक हस्तियों ने रेल मंत्रालय का नेतृत्व किया था। उनमें लाल बहादुर शास्त्री, बाबू जगजीवन राम, गुलज़ारीलाल नंदा, कमलापति त्रिपाठी, एस.के.पाटिल, मधु दंडवते, ए.बी.ए. गनी खान चौधरी, लालू प्रसाद यादव, जॉर्ज फर्नांडीस, नीतीश कुमार और ममता बनर्जी शामिल थे।

> राजनीतिक रूप से, यह प्रतिदिन 240मेगा सार्वजनिक रैली को संबोधित करने जैसा है, जिनमें प्रत्येक की औसत दर्शक संख्या एक लाख होती है। रेलवे राष्ट्रीय सरकार के चेहरे का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय रेलवे के पास लगभग 4.77 लाख हेक्टेयर भूमि है जो कुछ राज्यों के आकार से बड़ी है। अतीत में, देश की कुछ सबसे प्रतिष्ठित राजनीतिक हस्तियों ने रेल मंत्रालय का नेतृत्व किया था।

अधिकांश रेल यात्री लंबी दूरी के यात्री हैं। वे देश के हर हिस्से और भारतीय समाज के हर वर्ग से संबंधित हैं। दुर्भाग्य से, रेलवे आज इन यात्रियों को बहुत कम सुविधा प्रदान करता है। रेलगाड़ियां मुश्किल से ही समय पर चलती हैं। कोच और शौचालय गंदे रहते हैं। यहां तक कि हाई-प्रोफाइल शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनें भी अच्छी सीटें, स्नैक ट्रे, स्वच्छ शौचालय और खाने की चीजें उपलब्ध कराने में विफल रहती हैं, जिसके लिए यात्रियों को टिकट बुक करते समय भारी कीमत चुकानी पड़ती है। राज्यों की राजधानियों को दिल्ली से जोड़ने वाली राजधानी एक्सप्रेस समेत लंबी दूरी की ट्रेनें भी खस्ताहाल हैं। न्यूनतम यात्री सुविधा के लिए कोचों, सीटों, शौचालयों और खानपान जैसी सेवाओं और रख-रखाव पर बहुत कम खर्च किया जाता है।

फिर भी प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत में यात्रियों की बढ़ती शेड्यूल और शौचालय की खराब स्थिति के संबंध में यात्रियों की बढ़ती असुविधाओं के बारे में कोई चिंता नहीं है। फरवरी 2019 में लॉन्च किये गये, स्वदेशी रूप से विकसित सेमी-हाई-स्पीड वंदे भारत के 25 ट्रेन सेट वर्तमान में दुनिया के पांचवें सबसे बड़े रेल नेटवर्क के विभिन्न मार्गों पर 50 सेवाएं संचालित कर रहे हैं। रेलवे ने चालू वित्त वर्ष में 75 ट्रेन सेट या 150 सेवाएं शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

रेल यात्रा असुरक्षित भी हो सकती है। रेलवे ऐसी जानकारी कम ही साझा करता है। एक आरटीआई के जवाब में सार्वजनिक किये गये आंकड़ों के अनुसार, 2009 और 2018 के बीच रेल यात्रियों द्वारा 1.71 लाख से अधिक चोरी के मामले दर्ज किये गये। 2014 के बाद से चोरी के मामले काफी बढ़ गये हैं। 2018 में चोरी के मामले 36,584 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये। हालांकि, पिछले चार वर्षों में चोरी के मामलों का कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। देश भर में ट्रेनों में चोरी की घटनाएं पिछले वर्ष की तुलना में 2017 में दोगुनी हो गईं, जबकि डकैती के मामलों में लगभग 70प्रतिशत की वृद्धि हुई। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश उन राज्यों की सूची में शीर्ष पर हैं जहां सबसे अधिक अपराध दर्ज किये गये।

आम तौर पर, भारत का रेल सुरक्षा रिकॉर्ड ख़राब है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2021 में लगभग 18,000 रेलवे दुर्घटनाओं में 16,000 से अधिक लोग मारे गये। मालगाड़ी के बारे में जितनी कम बात की जाये, वह बेहतर है। पिछले साल रेलवे ने 2038.8लाख टन माल ढुलाई की। रेलवे द्वारा ढोई जाने वाली प्रमुख वस्तुएं कोयला, लौह अयस्क, खाद्यान्न, लोहा और इस्पात, सीमेंट, पेट्रोलियम उत्पाद, उर्वरक और कंटेनरीकृत यातायात हैं। कोयला और खाद्यान्न जैसी वस्तुओं की चोरी आम बताई जाती है। मालगाड़ियों का समय-सारणी ट्रैक की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

वंदे भारत जैसी नयी ट्रेनों की शुरूआत और स्पीडरनिंग हमेशा सुर्खियों में रहती है। कुछ लोग रेलवे ट्रैक, इंटरलॉकिंग और सिग्नलिंग सिस्टम की स्थिति के बारे में चिंतित हैं। सरकार का महंगा रेल आधुनिकीकरण कार्यक्रम बाहरी हिस्से पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है। दशकों में देश की सबसे भीषण ट्रेन दुर्घटना के बाद इस कार्यक्रम की गहन जांच की जा रही थी, जिसमें 2 जून को ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों की टक्कर के बाद कम से कम 275 लोगों की जानें चली गयीं और 1,000 से अधिक लोग घायल हो गये। गलत ट्रैक और एक मालगाड़ी से टकराने से पहले दूसरी यात्री ट्रेन के मलबे से टकराने की घटना घटी। हालांकि, जनता की याददाश्त कमज़ोर है। कुछ ही हफ्तों में ट्रैक की मरम्मत कर दी गई। मार्ग सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। 60,000 किलोमीटर से अधिक लंबे ट्रैक वाले दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के लिए ट्रेनें एक आवश्यक जीवन रेखा रही हैं।

पिछले साल, आधुनिकीकरण योजना के हिस्से के रूप में नयी ट्रेनों और स्टेशनों पर बड़े पैमाने पर खर्च किया गया था, जिसका लक्ष्य 2024 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण और 2030 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य है। 65.8 प्रतिशत पर, भारत अपने नेटवर्क का एक उच्च अनुपात में विद्युतीकरण का दावा करता है जबकि यह फ्रांस में 60 प्रतिशत या यूके में 38 प्रतिशत है। 2022-23 में अब तक का सबसे अधिक 2,03,983 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय हासिल किया गया। रेलवे का पूंजीगत व्यय 2013-14 में 53,989 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 2,60,200 करोड़ रुपये हो गया है।

फिर भी, तथ्य यह है कि सरकार ध्यान आकर्षित करने वाली बड़ी बातों को प्राथमिकता दे रही है। जैसे-मौजूदा स्टॉक में कम ग्लैमरस अपग्रेड की कीमत पर ईटी परियोजनाएं। ऐसा कहा जाता है कि कपूरथला कोच फैक्ट्री में विनिर्माण में बड़ी देरी की खबरों के बीच रेलवे 2030 तक 800सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन सेट के साथ अपने आधुनिकीकरण कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ायेगा। मौजूदा कोचों के ख़राब मानकों के बारे में क्या? बाद वाले को और अधिक तत्काल बदलने की आवश्यकता है। इस ओर अधिकारियों का ध्यान कम है। यात्री सेवाएं, विशेषकर लंबी दूरी की ट्रेनों में, गिरावट जारी है।

यात्री ट्रेन सेवाओं के संचालन के मानक में भारी गिरावट रेलवे द्वारा 2017-18 से चलाये जा रहे तरीकों का परिणाम हो सकती है, जब सरकार ने रेल बजट को केंद्रीय बजट में विलय करने का फैसला किया, जिससे 92 साल पुरानी अलग बजट की प्रथा समाप्त हो गई। देश के सबसे बड़े ट्रांसपोर्टर को एक विशेष पहचान प्रदान करने वाला था एक अलग बजट। रेलवे के पास अब कोई पूर्णकालिक स्वतंत्र मंत्री भी नहीं है।

2.5 लाख करोड़ रुपये के रेलवे विभाग का नेतृत्व अश्विनी वैष्णव के पास है, जो तेजी से बढ़ते 90,000 करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और संचार विभाग - तीनों का एक केंद्रीय मंत्री के रूप में नेतृत्व करते हैं। एक पूर्व आईएएस अधिकारी से राज्यसभा सांसद बने, वैष्णव एक ही समय में 39वें रेल मंत्री, 55वें संचार मंत्री और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं।

इस तरह की असंबद्ध हाई-प्रोफाइल एक साथ पोर्टफोलियो साझा करने की व्यवस्था अपरिहार्य आपदा के लिए एक नुस्खा है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि स्वयं मंत्री की योग्यता कितनी अधिक है। इससे आपदा से बचना संभव नहीं है। इस प्रकार, कुछ लोग रेलवे के परिचालन प्रदर्शन में गिरावट और यात्री सुविधाओं में गिरावट के लिए वैष्णव को भी दोषी ठहरा सकते हैं।

## पावन प्रसंग

# भगवान का आशीष

राष्ट्रीय कवियत्री श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान ने मनुष्य जीवन के बाल्यकाल बचपन के समय को जीवन का श्रेष्ठ काल या यूं कहें कि स्वर्णिम समय निरूपित करते हुये यह शब्दांकित किया है कि-

मैं बचपन को बुला रही थी, बोल उठी बिटिया मेरी
नंदन वन सी चहक उठी, वो छोटी सी कुटिया मेरी।

यहां जो बचपन है उसकी बहुत प्यारी छबि अंकित की गई है। जो हमेशा पक्षियों के कलरव से संगीतमय रहता है, जो सदा सुरभित, सुशोभित है। जहां शुद्ध-स्वच्छ हवा वृक्ष के कोमल पत्तों से,पुष्पों से अठखेलियां करती है, उस नंदन वन से बचपन को उपमा दी गई है। यहां एक बात गौर करने बाली है वह यह कि बचपन किसी एक को नहीं सबको प्यारा लगता है। आपको, हमको अपना अपना बचपन याद आता है, माता -पिता को अपनी संतान प्यारी लगती है, दादा दादी को नाती-पोतों के बचपन की मधुर स्मृतियां आनंद अनुभूति देती हैं। कहने का तात्पर्य यह कि बचपन किसी का भी हो मनुष्य का, पक्षी का, पशु का या अवतार पुरुष जगत के ईश्वर जगदीश्वर का, सदा से ही श्रेष्ठ रूप में जीवन के काल में प्रतिष्ठित है। चूंकि बचपन उत्तम है, नाजुक है, निश्चल है, निष्कपट है या एक शब्द में कहें कि अत्यंत ही भोला है, अत: इसका भटक जाना या इसके भोले मन बुद्धि पर गलत मार्ग अंकित हो जाना या किसी गलत कार्य के प्रभाव क्षेत्र में आ जाना संभव है। अत: बचपन की देखरेख, उसका संरक्षण अति महत्वपूर्ण है। बचपन में मन पर पड़ा प्रभाव जीवन पर्यंत हमारे मन पर रहता है। इसीलिए जिंदगी में इस बात की बहुत अहमियत है कि बचपन में क्या सीखा, बचपन का साथी कौन है, बचपन किसकी गोद में बड़ा हो रहा है, बचपन किसकी छत्रछाया में निखर रहा है? उपरोक्त प्रश्नों की महत्ता को समझने के लिये आइये हम अपने बचपन को याद करें। हमसे जब बचपन में कोई भूल होती थी, हम अपने को बचाने, निर्दोष साबित करने जब झूठ बोलते थे, किसी का अपमान कर देते थे या ऐसा कोई कार्य हो जाता था जो अशोभनीय हो, गलत हो, अकरनीय हो तब हमारे ऊपर किस तरह हमसे बड़ों का क्रोध उतरता था वह तो एक बात है, पर गौर करने बाले वे कोप मिश्रित शब्द हैं जो हमारे गलत कृत्य पर कहे जाते थे, वे यह कि इसने यह गलत कार्य कैसे कर दिया? हमने तो सिखाया नहीं, जरूर इसका साथ किसी गलत प्रवृति वाले दोस्त से हो गया है, अवश्य ही इसकी संगति बुरे लोगों से है, यह खराब संगति का शिकार हो गया है। ये जो संगति या साथ है इसको हमारे पूर्वज, हमारे माता-पिता बचपन को संवारने का, निखारने का, न केवल सिर्फ बचपन को अपितु सम्पूर्ण जीवन को सुसंस्कृत बनाने का, जीवन को सार्थकता प्रदान करने का मूल आधार मानते थे, कहने का मतलब सबसे कारगर तरीका मानते थे। समाज मनीषी और सन्त लोग तो कहते हैं कि बचपन कच्चा घड़ा होता है, उसकी घड़ाई, उसका निर्माण ठीक उस तरह होना चाहिये जैसे कुम्हार अपने घड़े को बनाता है। घड़ा बनाते समय कुम्हार ऊपर से ठोकता है, उसको चपत लगाता है, उस पर शक्ति से हाथ चलाता है,पर अन्दर से दूसरा हाथ लगाकर वह घड़े की माटी को साधे रहता है, अंदर की माटी को सहारा दिये रहता है ताकि अंदर से माटी गिरे न, भस्के न। कुम्हार द्वारा घड़े को बाहर से कूटना और अन्दर से सम्हालने का संकेत है कि कच्चा घड़ा बनाते वक्त न टूटे और बाहर से कूटने का संकेत है कि घड़ा पकने के बाद कभी न बिखरे। इसको इस नजरिये से देखिये कि बचपन कच्चा होता है तब भी न खराब हो और बचपन जब बड़ा हो जाय तब भी न फूटे, न बिखरे और ये तभी हो सकता है जब बचपन की संगत कुम्हार जैसे रचनाधर्मी सृजनकर्ता से हो जो हमेशा-हमेशा के लिए बचपन को तराश कर हीरा बना दे। इसीलिए ज्ञानी जन संगति को, सत्संग को भगवान का आशीष मानते हैं।

**गिरिराज चाचा**

## आपके पत्र

# भारतीय सेना के पासंग भी नहीं है इस्राइली सेना

अक्सर भारतीय मीडिया, रक्षा विशेषज्ञ, इंटलेक्चुअल्स, लीडर, एवं आवाम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर आम विमर्श और व्यक्तिगत बहसों में इस्राइली सेना का गुणगान और भारतीय सेना से उसकी तुलना करते रहते हैं। इस तुलना में वो इस्राइली सैन्य कार्रवाहियों के मोह में बंध कर अति उत्साह में कई बार उसे भारतीय सेना से भी बेहतर बताने लगते हैं। लेकिन यह तुलना ही हास्यास्पद और बेमानी है। इस्राइली सेना को एक जरा से भू-भाग(हमारे मणिपुर से भी कम) और महज 90 लाख नागरिकों की सुरक्षा करना है और वह भी अपने आक़ा अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस,जर्मनी और इटली जैसे दर्जनों शक्तिशाली, साधन-संपन्न, अत्याधुनिक हथियारों और परमाणु शक्ति से लैस मित्र राष्ट्रों के संरक्षण और वरदहस्त के दम पर। यह सब होने के बाद भी इस्राइली सेना,उसका सुरक्षा तंत्र और उसका बहुचर्चित खुफ़िया संगठन 'मोसाद' इस बार सोता हुआ पाया गया जिसकी बहुत बड़ी क़ीमत निर्दोष इस्राइली नागरिकों को चुकानी पड़ी है।

इसके बरअक्स उसके ख़िलाफ़ लड़ने वाले फिलिस्तीनियों के पास तो अपनी ज़मीन भी नहीं है। वहां के आतंकवादी संगठन हमास में इतना दम नहीं है कि वह आधुनिक इस्राइली सेना को परास्त कर सके। वह बस इसी तरह आकस्मिक हमले कर इस्राइल को कुछ नुक़सान पहुंचा सकता है और सम्भावित अरब-इस्राइल शांति वार्ताओं को पटरी से उतार सकता है। जिसका ख़ामियाजा हमेशा अंतत: निर्दोष फिलिस्तीनी नागरिकों, महिलाओं और विशेषकर बच्चों को अपनी जान गंवा कर उठाना पड़ा है। इस बार भी वही इतिहास दोहराया जा रहा है।

इस्राइली सेना के दायित्वों की तुलना में हमारी सेना को 140 करोड़ नागरिकों और एक वृहद् भू-भाग की सुरक्षा सिर्फ़ और सिर्फ अपने दम पर सुनिश्चित करनी होती है। हमारे दायें-बाएं - दोनों और परमाणु शक्तिसम्पन्न शत्रु देश हैं जिनमें चीन तो सबसे साधनसंपन्न ख़तरनाक़ विनाशकारी आयुधों वाली बड़ी सेना का अधिपति है। दरअसल इस्राइल की सैन्य क्षमता और दायित्व हमारी सैन्य क्षमता और जिम्मेदारियों को देखते हुए हमारे मुक़ाबले कुछ भी नहीं है। शांति काल में भी प्राकृतिक आपदाओं और आंतरिक ज़रूरतों में भारतीय सेना ने अपने सेवा कार्यों और राहत अभियानों में हमेशा उच्च मानदण्ड स्थापित किये हैं।

तुलना करते समय इस बात का भी ख़याल रखें कि इस्राइल की स्थापना के बहुत पहले प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध में भारतीय सेना ने अंग्रेजी सेना के साथ मिलकर सात समुंदर पार तमाम विपरीत परिस्थितियों और हाड़ गला देने वाली ठंड में लड़ते हुए दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए थे। आज़ादी के फौरन बाद 1948 में तथा 1965, 1971 और सियाचिन के युद्धों में पाकिस्तान को बुरी तरह परास्त किया। इसमें 1971 में पाकिस्तान को दो भागों में बांटने और उसके 93 हज़ार सशस्त्र सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए बाध्य करने का अभूतपूर्व पराक्रम भी शामिल है। दुनिया में जहां कहीं भी देशों में आंतरिक संघर्ष और अशांति हुई है संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के रूप में भारतीय सैनिकों की तैनाती की मांग की जाती है। इसका कारण यह है कि भारतीय सेना ने कहीं भी और कभी भी अपने अभियानों में निर्दोष नागरिकों,बच्चों,बुज़ुर्गों और महिलाओं को निशाना नहीं बनाया तथा शत्रु देशों के नागरिकों के साथ हमेशा मानवीय मूल्यों और सैन्य आदर्शों को तरज़ीह दी है। इसके विपरीत इस्राइली सेना ने अपने अभियानों में कभी शुचिता और सैन्य मर्यादाओं का पालन नहीं किया।

इस्राइल की सेना का जितना चाहें गुणगान करें पर निवेदन है कि ऐसा करते हुए यह ध्यान रखें कि हमारी महान सेना की अवमानना न हो।

**-मिर्ज़ा ज़ाहिद बेग़**

# बकस्वाहा में डेंगू फैलने से मचा हाहाकार, एक हफ्ते में 10 पॉजिटिव आधा दर्जन रेफर

**बकस्वाहा, देशबन्धु।** जिले के बकस्वाहा नगर में डेंगू बुखार पूरी तरह से पैर पसार चुका है. नगर में अधिक संख्या में लोग इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं. बीएमओ ललित उपाध्याय ने बताया कि अचानक बड़ी इस बीमारी के चलते बुखार के मरीजों की संख्या में खासी बढ़ोतरी हुई है मरीजों को उपचार दिया जा रहा है कुछ मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

वार्ड 10 का निवासी रक्षित गौतम को तेज बुखार आया हालत बिगड़ी जिला अस्पताल रेफर किया वहां से डॉक्टरों ने जबलपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया जहां इलाज किया जा रहा है वही वार्ड नं 14 में निवासी समीर अहिरवार पिता बलराम अहिरवार को तेज बुखार आया और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया वही वार्ड नं 11 आयुष श्रीधर पिता मनोहर श्रीधर को बुखार आया जिसके बाद हालात बिगड़ी सागर के राय हॉस्पिटल में भर्ती किया गया करीब 6 मरीज जिला अस्पताल में भर्ती हैं वहीं दो दर्जन ग्रामवासी अपने घर में बुखार से पीड़ित हैं।



जब इस विषय पर स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ ललित उपाध्याय से बात की गई तो उनका कहना है की बुखार आने पर मरीजों की रिपोर्ट डेंगू पॉजीटिव आई है, अधिकांश मरीजों की प्लेटलेट्स कम हो रही है जिसके बाद उनको रेफर किया गया है वाकी नॉर्मल मरीजों का यही इलाज किया जा रहा है।

**एक सप्ताह से क्षेत्र में बड़ रहा डेंगू :** पिछले एक सप्ताह से बुखार फैला हुआ है. गांव के ये हालात स्वास्थ्य विभाग के उन दावे की पोल खोलने के लिए काफी है जिसमे गांव-गांव जाकर इलाज करने की बात कही जाती है. स्वास्थ्य विभाग का जमीनी अमला गांव में नहीं पहुंचने से ग्रामीण स्तर पर स्थितियां बिगड़ती जा रही है ।

ग्रामीणों ने बताया है कि गांव में आठ दिन से बुखार पसरा हुआ है. गांव में एएनएम, मलेरिया कार्यकर्ता सहित अन्य की ड्यूटी रहती है लेकिन इलाज तो दूर कोई देखने तक नहीं आया. ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं. गांव में पिछले आठ दिन से डेंगू फैलने से जबकी कई बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

**कैसे फैलती है यह बीमार :** जिला चिकित्सा अधिकारी लखन तिवारी ने बताया है कि यह बीमारी नालियों में पैदा होने वाले मच्छर और कीटाणुओं की वजह से फैलती है. इनसे सावधानियां जरूरी है.तिवारी ने बताया कि डॉक्टरों की टीम और डेंगू टीम को हमने भेजा है।

बीएमओ ललित उपाध्याय ने ग्रामीणों से अपील की आसपास साफ सफाई रखें जितनी भी नालियां हैं और पुरानी मटके, टायरों में बरसात का पानी भरा हुआ है उसे साफ करे और चारों ओर परिवेश को साफ और स्वच्छ रखें। जितेंद्र नायक सीएमओ नगर परिषद का कहना कि मेरी जानकारी में आया है में पूरे नगर में दवाई का छिड़काव करवाता हूं और जहां पानी जमा होता है वहां सफाई करवाता हूं।

## मध्यांचल ग्रामीण बैंक कार्यालय परिसर में हर्षोल्लास से मनाया गया 11 वां स्थापना दिवस



**सटई, देशबन्धु।** शाखा प्रबंधक राजाराम चौरसिया ने बताया कि आज दोपहर 1 बजे मध्यांचल ग्रामीण बैंक परिसर में 11वां स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति रही। चूंकि सटई नगर में मध्यांचल ग्रामीण बैंक गत 46 वर्षों से कार्यरत हैं। पहले बुंदेलखंड क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के नाम से, इसके बाद मध्य भारत ग्रामीण बैंक एवं वर्तमान में मध्यांचल ग्रामीण बैंक के नाम से क्षेत्र की जनता में सेवारत है। बैंक द्वारा अनेक शासकीय योजनाओं एवं बैंक की योजनाओं के माध्यम से जरूरत मंदो को आर्थिक सहायता में हमेशा मदद करता है। केंद्र सरकार की जनउपयोगी सभी स्वनिधि, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना इत्यादि योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया जा रहा है।

समारोह मैं मुख्य रूप से शाखा प्रबंधक राजाराम चौरसिया, कैशियर विशाल, लल्लू विश्वकर्मा, सनत जैन, नरेंद्र चौरसिया, रामेश्वर, निर्दोष जैन, संजू सोनी आदि दर्जनों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महराजपुर बिधानसभा सपा का तूफानी जनसंपर्क



**नौगाँव, देशबन्धु।** महराजपुर बिधान 48 से प्रत्यासी अजय दौलत तिवारी का तूफानी जनसंपर्क जारी है सुबह 7 बजे से वार्ड नम्बर 1 से 3 तक सम्पर्क किया गया इस दरम्यान वार्डवासियों द्वारा जगह2 स्वागत किया गया एवम मिष्ठान खिलाकर और फूल माला पहनाकर अपना समर्थन जताया सभी इस बात से खुश है कि नगर का बेटा अबकी बार बिधायक बनेगा सबसे बड़े नगर नौगाँव को अभी तक यह सौभाग्य प्राप्त नही हुआ है इसी बात से उत्साहित होकर भारी जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है।

दोपहर के समय दौलत तिवारी अपने दल बल के साथ हरपालपुर क्षेत्र पहुचे जहा अपने लोगो से मेल मुलाकात कर मतदाताओं को अपने समर्थन हेतु समझाने हेतु निर्देशित किया वही भारी जन समुदाय के साथ हरपालपुर नगर में पार्टी का कार्यालय तिवारी द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया अभूतपूर्व समर्थन से अन्य पार्टियों में मायूसी देखी जा रही है कार्यकर्ताओ की कमी हो रही है सभी साइकिल दौड़ाने हेतु तैयार है।

## संपूर्ण समर्पण का अर्थ है तेरा तुझको अर्पण, समय संकल्प श्वांस सब कुछ समर्पित : शैलजा




छतरपुर, देशबन्धु। छतरपुर के सर्राफा व्यापारी ओमप्रकाश अग्रवाल की दो बेटियां बीके मेधा, बीके श्रद्धा बहन जिनका समर्पण ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय माउंट आबू में किया गया। समर्पण के बाद उनके प्रथम नगर आगमन पर ब्रह्माकुमारीज किशोर सागर द्वारा बधाई समारोह का कार्यक्रम संस्कार वाटिका में बड़ी धूमधाम से किया गया।

इस अवसर पर छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शैलजा ने कहा कि समर्पण का अर्थ है तन मन सहित श्वांस, समय, संकल्प स्वप्न हर चीज प्रभु को अर्पित की जाए क्योंकि यह केवल समर्पण नहीं बल्कि मैं और मेरेपन की समाप्ति और तेरा अर्थात तेरा तुझको अर्पण की भावना है जो हम प्रभु के समक्ष करते हैं। ब्रह्माकुमारी बनना कोई साधारण बात नहीं है कई जन्मों की नवधा भक्ति का फल है जो हमें स्वयं भोलानाथ पार्वती के रूप में स्वीकार करते हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माउंट आबू से पधारे बीके युग रतन भाई जिन्होंने अपने सुरों के जादू से रूहानी महफिल को सजाया और सबको अपने गीतों के माध्यम से शिवमई कर दिया और साथ ही नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत दी गईं। इस कार्यक्रम में दिल्ली से बीके संगीता, कानपुर से बीके अलका मुख्य अतिथि के रूप में पधारी और अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। खजुराहो सेवा केंद्र से बीके विद्या नौगांव से बीके नंदा सहित छतरपुर की सभी तहसीलों की ब्रह्माकुमारी बहनें उपस्थित रहीं।

## डॉ. श्वेता गर्ग दो राष्ट्रीय पुरूष्कारों से सम्मानित



**छतरपुर, देशबन्धु।** मानवाधिकार सामाजिक न्याय संगठन द्वारा द होटल हिन्दुस्तान इंटरनेशनल वाराणसी उप्र में आयोजित एक गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि विधायक हंसराज विश्वकर्मा द्वारा जिला चिकित्सालय छतरपुर में पदस्थ डॉ. श्वेता गर्ग को रियल हीरो ऑफ इंडिया एवं राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा 2023 जैसे दो राष्ट्रीय पुरूष्कारों से सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में अभिनेत्री मिस महिमा चौधरी बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुईं।

ज्ञात हो कि डॉ. श्वेता गर्ग जिला चिकित्सालय छतरपुर में पैथालॉजी विशेषज्ञ एवं ब्लड बैंक प्रभारी का दायित्व निभा रही हैं जो संक्रामक रोग और सौंदर्यी चिकित्सा में फैलोशिप है साथ ही वह हिस्टो रोग, विज्ञानी और साइटो पैथालाजिस्ट कैंसर निदान सलाहकार भी हैं। इन्होंने अब तक छतरपुर में पदस्थापना के दौरान कैंसर और टीवी के मामलों में सक्रिय सर्विक्स वेस्ट, जीभ, हड्डी व रक्त कैंसर जैसी घातक बीमारी में पैथालौजी के माध्यम से इनका निदान किया है। चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उन्हें मानवाधिकार न्याय संगठन द्वारा रक्त कैंसर और बोन मैरो कैंसर पर निदान व अच्छे काम करने के लिए हेल्थ केयर हीरोज की सूची में शामिल किया गया है। इस सूची में भारत देश के 30 डॉक्टर शामिल हैं जिनमें छतरपुर की डॉ. श्वेता गर्ग शामिल की गई हैं जो छतरपुर ही नहीं बल्कि भारत एवं बुन्देलखण्ड के लिए गौरव की बात है।

## एमसीबीयू के बुंदेलखंड रिसर्च जर्नल को मिला आईएसएसएन नंबर

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर से प्रकाशित होने वाली ऑनलाइन शोध पत्रिका बुंदेलखंड रिसर्च जर्नल को इंटरनेशनल स्टैंडर्ड सीरियल नंबर (आईएसएसएन) नेशनल साइंस लाइब्रेरी नई दिल्ली द्वारा आबंटित कर दिया गया है। शोध पत्रिका के चीफ एडिटर डॉ. पी.के. खरे, प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र ने बतलाया कि इससे विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के यूटीडी सहित 12 शोध केंद्र एवं 6 संकायों के 20 विषयों में पी.एच-डी. अध्यनरत लगभग 492 शोध छात्र लाभान्वित हो सकेंगे। डॉ पीके खरे के अनुसार शोध पत्रिका प्रकाशन की पूरी टीम द्वारा इस शोध पत्रिका को यूजीसी केयर शोध पत्रिकाओं की सूची में शामिल करवाने का प्रयास किया जाएगा ।

इस शोध पत्रिका का दूसरा अंक दिसंबर 2023 में प्रकाशित किया जा रहा है जिसके लिए शोधपत्रों को आनलाइन पर आमंत्रित किया गया है। इंटरनेशनल स्टैंडर्ड सीरियल नंबर आई एस एस एन प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो शुभा तिवारी, कुलसचिव श्री यशवंत सिंह पटेल सहित विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापकों,सह प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों ने बधाई प्रेषित की है। कुलपति प्रो शुभा तिवारी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि इस पत्रिका को भारत की शीर्ष प्रमुख शोध पत्रिकाओं, यूजीसी केयर जर्नल की सूची में सम्मिलित करने की भरपूर कोशिश की जाएगी एवं मानक शोध पत्रों को प्रकाशित करने पर जोर दिया जाएगा। डॉ. एस.पी. जैन मीडिया प्रभारी ने भी शोध पत्रिका प्रकाशन समिति के चीफ एडिटर डॉ. पीके खरे, डॉ बीएस परमार, डॉ केबी अहिरवार, डॉ कल्पना वैश्य, डॉ मौली थामस, डॉ केके गंगेले एवं डॉ.आरडी अहिरवार को शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं।

## दुकान में घुसकर युवकों ने की मारपीट, घटना सीसीटीव्ही में कैद

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहर रोड पर दिनदहाड़े एक दुकानदार से कुछ अज्ञात युवकों ने दुकान में घुसकर मारपीट कर दुकान में तोडफ़ोड़ कर डाली। मारपीट की घटना सीसीटीव्ही में कैद हो गई है। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार जवाहर रोड पर टण्डन बीज भण्डार के समीप नंदिनी इंटरप्राइजेज के संचालक शिवम राजपूत दोपहर करीब 3 बजे अपनी दुकान पर बैठे थे तभी नकाबपोश अज्ञात बदमाशों ने दुकान में घुसकर बेसबॉल के डण्डों से शिवम की मारपीट कर दुकान में तोडफ़ोड़ कर दी। उक्त पूरी वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई है। मारपीट के बाद युवक अपनी स्कूटी छोड़कर मौके से भाग गए। घटना की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए स्कूटी अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं घटना की वजह अब तक सामने नहीं आ सकी है।

## रुनाह या नजीराबाद में महाविधालय की स्थापना करेंगे: खत्री



**बैरसिया, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री के प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। इसी कड़ी में मंगलवार को उन्होंने रुनाह क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों में जनसम्पर्क किया। इस दौरान सभी गांवों में ग्रामीणों ने श्री खत्री का स्वागत किया। जनसम्पर्क के दौरान श्री खत्री ने रुनाह में चुनाव प्रचार कार्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बैरसिया या नरसिंहगढ़ जाना पड़ता है। इसलिए हम आगामी पंचवर्षीय योजना में रुनाह या नजीराबाद में महाविधालय की स्थापना करेंगे। खत्री ने कहा कि रुनाह में उद्योगिक क्षेत्र विकसित करेंगे। इसके लिए भूमि का आरक्षण भी हो चुका है। हमने इस क्षेत्र में सिंचाई के क्षेत्र में भी काम किया है। कालापीपल डेम से सिंचाई हो रहीं है, वहीं पार्वती नदी से भी सिंचाई की योजना बनाई है, जिसका सर्वे का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमने जो वादे किए थे वह पूरे किए है। उन्होंने रुनाह, काढैयाखेडा, काछीखेडा, पाडली, रतनपुर, कालापीपल,भाऊपुरा, झिरनिया, छापरी, जजनखेड़ी, धुतखेड़ी, परासोन और मेंगरानवीन में जनसंपर्क किया।

## एलएनसीटी में राष्ट्रीय स्टुडेंट मैनेजमेंट गेम्स प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**भोपाल, देशबन्धु।** ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा चाणक्य नामक 27वी स्टुडेंट मैनेजमेंट गेम्स प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थी क्षेत्रीय स्तर पर प्रतिभागिता करेंगे। इस प्रतियोगिता का अंतिम चरण अप्रैल में दिल्ली में आयोजित होगा।

प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के निवर्तमान अधिकारी शैलेन्द्र सिंह और विशेष अतिथि देशबंधु समाचार पत्र समूह के संचालक पलाश सुरजन व सह संपादक रूपेश गुप्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री सिंह ने छात्रों को निरन्तर अध्धयन करने के साथ ही समूह के रुप में नवाचार करने का आव्हान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में एलएनसीटी समूह की ओर से प्रो चांसलर डॉ अनुपम चौकसे द्वारा औपचारिक घोषणा की। वहीं प्रबन्ध संचालक डॉ अरविंद सिंह ने स्वागत उद्बोधन में प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अध्या तिवारी ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को देश की एकता और अखंडता की शपथ भी दिलाई गई।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**महाराष्ट्र की सभी...** ली। 19 से 31 अक्टूबर तक यानी 13 दिनों में 25 लोग सुसाइड कर चुके हैं। यह संख्या 1990 के मंडल आंदोलन के दौरान की गई आत्महत्याओं के आंकड़े के बाद सबसे ज्यादा है। इस साल सितंबर में शुरू हुआ आंदोलन 10 जिलों में हिंसक हो गया है। 30 अक्टूबर को बीड में हुई हिंसा मुंबई तक पहुंच गई है। कोलाबा इलाके में बुधवार सुबह विधायकों के सरकारी आवास के सामने दो अज्ञात लोगों ने महाराष्ट्र के मेडिकल एजुकेशन मिनिस्टर हसन मुश्रिफ के काफिले की गाड़ी में तोड़फोड़ की। इस मामले में 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

**हिंसा में 12 करोड़ की संपत्ति स्वाहा!** मराठा आरक्षण आंदोलन ने हिंसक रूप धारण कर लिया है और महाराष्ट्र में जगह-जगह प्रदर्शन देखे गए। इस दौरान राजनीतिक पार्टियों के कार्यालय को भी निशाना बनाया गया, वहीं, हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए अब तक महाराष्ट्र में 140 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि 168 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। राज्य में हिंसक प्रदर्शन के दौरान 12 करोड़ की सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। यह जानकारी महाराष्ट्र के डीजीपी रजनीश सेठ ने दी है।

**राजनीतिक चंदे....** भुगतान स्वीकार करेगा। लेकिन यह पूरी तरह सफल रहा। आज भारत में डिजिटल भुगतान अमेरिका और युरोपीय संघ के कुल भुगतान का सात गुना और चीन से तीन गुना है।

**कमलनाथ अब.....** पर हमला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपके बीच में गुमराह करने वाले लोग आएंगे, आपसे लंबी चौड़ी बातें भी करेंगे, लेकिन मे आपसे आखरी में कहना चाहता हूं कि 17 तारीख को आप जो बटन दबाएंगे वह बटन आप केवल एक उम्मीदवार का बटन नहीं बल्कि अपने भविष्य का बटन दबाने का काम करने वाले हैं।

**प्रदेश को ऐसे....** भाजपा को भारी बहुमत से जिताना है और प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाना है। श्री चौहान ने बुधवार को पुष्पराजगढ़ में पार्टी प्रत्याशी हीरा सिंह श्याम, डिंडौरी में पंकज सिंह टेकाम, शहपुरा में ओमप्रकाश धुर्वे और लखनादौन में विजय उईके के समर्थन में मतदान की अपील मतदाताओं से की। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पारंपरिक स्वागत-सत्कार किया गया और सभा से पहले बैगा बहनों ने मुख्यमंत्री की आरती उतारकर नज़र उतारी।

## राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए राजधानी में दौड़े एक हजार युवा

**भोपाल, देशबन्धु।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी)के अधिकारी- कर्मचारी, कैडेट और जोश से भरे युवाओं ने मंगलवार को दौड़ लगाकर राष्ट्रीय एकता और सद्भावना का संदेश दिया। राजाभेज सेतु से आरंभ हुई दौड़ पांच किलोमीटर की यात्रा पूरी कर शौर्य स्मारक पहुंची, जहां समापन हुआ। एकता दौड़ का आयोजन भोपाल ग्रुप एनसीसी द्वारा किया गया।



राष्ट्रीय कैडेट कोर के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय ने राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के लिए दोनों राज्यों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कीं। इसी कड़ी में आयोजित इस एकता दौड़ में भोपाल के 50 से अधिक शिक्षण संस्थानों के एक हजार एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। कैडेटों के अलावा एनसीसी और सेना के अधिकारी, आम नागरिक और युवा भी दौड़ में शामिल हुए। बड़े तालाब के राजाभेज सेतु से शुरू हुई दौड़ को भारत के ओलंपिक हाकी खिलाड़ी और अर्जुन पुरस्कार विजेता विवेक सागर प्रसाद ने हरी झंडी दिखाई। वहीं शौर्य स्मारक पर समापन स्थल मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय के एडीजी मेजर जनरल एके महाजन थे। इस अवसर पर उन्होंने हमारे महान राष्ट्र के उज्वल भविष्य के लिए एक अनुशासित नागरिक समाज के महत्व और राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए मेरा युवा भारत में एनसीसी कैडेटों की भागीदारी पर भी जोर दिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण, एकता एवं अनुशासन का संदेश फैलाने के प्रति उनकी परोपकारी सेवा के लिए एनसीसी कैडेटों की भी सराहना की।

## राष्ट्रीय सेवा योजना ने मनाया एकता दिवस

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय एवं सेक्ट महाविद्यालय के स्वयं सेवको द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.अजय भूषण द्वारा स्वयं सेवको को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए शपथ दिलाई एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तिव एवं जीवन शैली पर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. सीतेश सिन्हा द्वारा एकता और अखंडता के माध्यम से विश्वविद्यालय में एकता बनाये रखने की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में सेक्ट महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्येंद्र खरे, बैंकिंग एवं फाइनेंस के डीन नितिन मोढ, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. नितिन कुमार ढिमोले सहित समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी के नामांकन मामले में दोनों पक्षों ने रखा पक्ष





## 45 मिनट चली बहस के बाद सुनवाई पूरी

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले की खरगापुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी का नामांकन फार्म होल्ड रखे जाने के मामले में बुधवार सुबह 11 बजे खरगापुर रिटर्निंग ऑफिसर के पास सुनवाई शुरू हुई। इस दौरान आपत्तिकर्ता कांग्रेस प्रत्याशी चंदा सुरेंद्र सिंह गौर के वकील नेत्र प्रकाश शुक्ला और सुप्रीम कोर्ट से आए अधिवक्ता माधवेंद्र सिंह ने शिकायत के मामले में पक्ष रखा। इसके बाद दोपहर करीब 3.30 बजे भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी अपने वकीलों के साथ पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी और बीजेपी प्रत्याशी के वकीलों ने रिटर्निंग अधिकारी के सामने अपना-अपना पक्ष रखा। फिलहाल इस मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई है। करीब 45 मिनट तक पूरे मामले को लेकर सुनवाई चली। इसके बाद दोनों पक्ष के वकील और बीजेपी प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी चले गए। अब रिटर्निंग अधिकारी को फैसला सुनाना है। उम्मीद है कि कल सुबह इस मामले में फैसला सुनाया जा सकता है।

## गलत जानकारी देने के लगाए आरोप

कांग्रेस प्रत्याशी की ओर से पक्ष रखने आए सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता माधवेंद्र सिंह ने बताया कि राहुल सिंह लोधी की विधानसभा सदस्यता शून्य घोषित करने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने कंडीशनल राहत दी थी। इसी को आधार बनाकर आपत्ति दर्ज कराई गई है। टीकमगढ़ के अधिवक्ता नेत्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि इस बार भी भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी ने जो नामांकन फार्म जमा किया है, उसमें कुछ कमियां है। पुराने फैसले और वर्तमान नामांकन फार्म की कमियों को लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई है। रिटर्निंग अधिकारी के पास हम लोगों ने अपनी ओर से दस्तावेज पेश कर दिए हैं।

## आरोप निराधार, निरस्त होगी शिकायत- राहुल

इस मामले में राहुल सिंह लोधी ने कहा कि मैंने अपने नामांकन फार्म में सभी जानकारी सही-सही भरी है। रिटर्निंग ऑफिसर के सामने हमारे वकीलों ने पक्ष रख दिया है। उम्मीद है कि आपत्ति खारिज होकर नामांकन फार्म स्वीकार कर लिया जाएगा। राहुल लोधी के वकील राजेंद्र सिंह बुंदेला ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी हो गई है। अब रिटर्निंग अधिकारी को अपना फैसला सुनाना है।

## तीसरी बार भाजपा कांग्रेस प्रत्याशी आमने-सामने

खरगापुर विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी लगातार तीसरी बार आमने-सामने हैं। साल 2013 में भाजपा ने उमा भारती के भतीजे राहुल लोधी को मैदान में उतारा था और कांग्रेस से चंदा सुरेंद्र सिंह गौर मैदान में थी। 2013 में कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत दर्ज की थी। 2018 में एक बार फिर राहुल लोधी और चंदा सिंह गौर के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें भाजपा प्रत्याशी राहुल लोधी चुनाव जीते। अब लगातार तीसरी बार राहुल लोधी और चंदा सिंह और आमने-सामने हैं।

### खगरापुर में केन्द्रीय मंत्री ने किया जनसंपर्क, कहा

# समाज को एकता के सूत्र में बांधकर देश की अखंडता को मजबूत किया गया



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बुधवार केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति टीकमगढ़ जिले के प्रवास पर आयीं। जिसमें सर्वप्रथम उन्होंने जतारा विधानसभा में खरगापुर विधानसभा के खरगापुर नगर, बल्देवगढ़ व पलेरा में जनसंपर्क कियाए अंत में देर शाम टीकमगढ़ विधानसभा में विभिन्न गांव में जनसंपर्क कर भाजपा की फिर सरकार बनाने और कमल के फूल खिलाने का लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सैकड़ों योजनाओं के माध्यम से गरीब कल्याण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं के लिए लाडली बहना योजना, रसोई गैस योजना, उज्ज्वला योजना से महिलाओं को सुविधा देने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, बुजुर्गों के लिए वृद्धावस्था पेंशन, तीर्थ दर्शन जैसी योजनाएं से उनके हितों का ध्यान रखा जा रहा है, युवाओं के लिए सीखों कमाओ योजना, कौशल विकास योजना से लघु उद्योग की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश में पूर्व सरकारों में सड़कों पर गड्ढे ही मिलते थे, परंतु आज भाजपा सरकार में शिवराज सरकार में सड़क बिजली पानी की सुचारु व्यवस्था से पिछड़े समाज को विकास की मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है, समाज को एकता के सूत्र में बांधकर देश की अखंडता को मजबूत किया गया है, उन्होंने लोगों से अपील की अधिक से अधिक संख्या में मतदान अवश्य करें। जनसंपर्क के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना, कार्यक्रम प्रभारी विवेक चतुर्वेदी, मुन्ना लाल साहू, रविंद्र श्रीवास्तव, विश्व दीपक मिश्रा, गोपाल राय, संदीप पायक, सुंदर तिवारी, सुरेंद्र लोधी, नंदू चौरसिया, जमुना तिवारी, राममिलन यादव आदि उपस्थित रहे।

# 50 हजार नये किसान सदस्यों को जोड़ेगा भारतीय किसान संघ



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ की तहसील टीकमगढ़ के ग्राम अस्तौन में महासदस्यता अभियान की बैठक आहूत हुई बैठक में सर्वप्रथम बंदियों का पूजन किया गया। उसके बाद सभी की सदस्यता बंदी काटी गई। बैठक में जिलाध्यक्ष शिव मोहन गिरि ने सभी किसानों से कहा कि भारतीय किसान संघ सिर्फ और सिर्फ किसानों का संगठन है जब तक किसान संगठित नही हो गया उसकी समस्याएं हल नही होगी आप सभी सपरिवार भारतीय किसान संघ के सदस्य बनिए। इस सदस्यता में भारतीय किसान संघ ने 50 हजार नये सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया है व टीकमगढ़ अंतर्गत 9500 नये किसानों को संगठन से जोड़कर संगठन विस्तार व मजबूती दिलाएंगे। इस अवसर पर जिला मंत्री राजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन आप सबके लिए दिन रात काम कर रहा है। ग्राम के किसानों ने आकर कहा कि इस बार प्राइवेट दुकानों पर खाद कीमत से अधिक पर मिल रहा है इस पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस जिला प्रशासन से बातचीत कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाही करायी जाएगी। बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक यादव, तहसील अध्यक्ष भगवत सिंह सोलंकी, तहसील उपाध्यक्ष संतोष राजपूत, तहसील उपाध्यक्ष शोभाराम कुशवाहा, भगवत राठौर, जगदीश मंचल, राजाराम अहिरवार सहित कई किसान मौजूद रहे।

## देवरदा पुलिस ने किए 10 लाख 80 हजार की नगदी की जप्त

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** वर्तमान में चल रही विधानसभा चुनाव-2023 आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम के द्वारा सभी थाना प्रभारियो को अपन-अपने थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग कर अवैध गतिविधियो की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में सोमवार को एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के दिशा निर्देशन में चौकी देवरदा पुलिस द्वारा खरीला नाका चेकिंग पॉइंट पर पर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान सेल्टोज किया गाड़ी एमपी16जेडई8769 को रोककर चैक किया गया। जिसमें रविकांत शर्मा पिता हरिमोहन शर्मा निवासी बड़ामलहरा के कब्जे से कुल 10 लाख 80 हजार की नगदी को संदेहात्मक रुप में रखे हुये पाये जाने से एफएसटी की टीम को बुलाकर जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बल्देवगढ़ निरीक्षक मनोज सोनी, चौकी प्रभारी देवरदा संदीप चौधरी, सहायक उप निरीक्षक सुहाग चंद्र आरक्षक पुष्पेंद्र एवं एफएसटी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### 19 साल से नहीं हुआ जमीन का नामांतरण

# जमीन की रजिस्ट्री दूसरे के नाम न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित



**जतारा, देशबन्धु।** जतारा थाना अंतर्गत हरपुरा पंचायत के राकेश कुमार कुशवाहा पिता परमू कुशवाह निवासी हरपुरा ने आज जतारा थाना आकर एक लिखित आवेदन दिया है कि उसने कहा है कि मैं अपने भाई लच्छू मातादीन पिता जस्सु कुशवाहा और जसराज पिता लब्बू कुशवाहा के साथ मिलकर अनावेदक खितई कुशवाहा पिता घसीटा कुशवाह निवासी लाल खुर्द से भूमि खसरा क्रमांक 350/1 और 348/1/2 रकवा क्रमश 1/807 हेकक्टर एंव 0/800 हेक्टरकुल रकवा 2/607 हेक्टर में से हिस्सा 1/3 रकवा 0/8699 हेक्टर लकवा मैंने 307 2004 में 150000 रुपए प्रतिफल देकर करे किया था। जिसका नामांतरण हेतु तहसीलदार जतारा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था, तथा तहसीलदार जतारा द्वारा नामांतरण का आदेश भी पारित किया गया था, लेकिन तहसीलदार के आदेश के बाद पटवारी ने उसे गुमराह कर खसरा नंबर 350/1का नामांतरण प्राथी के नाम कर दिया पर खसरा नंबर 348 बाते एक का नामांतरण छोड़ दिया गया। जिसमें सुधार हेतु प्रार्थना द्वारा अनिवार्य अधिकारी जतारा के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था जो सुनवाई लंबित है लेकर अनावेद के खितई कुशवाहा द्वारा खसरा क्रमण 348/1को फिर से अनावेदक महिला कमला पत्नी राम राजकुमार रजक निवासी लाल खुर्द को महेश तिवारी पिता रघुनंदन तिवारी ने षडयंत्रगत तरीके से उसको पुन: विक्रय करवा दिया गया और मुझे उसकी रुपए हड़प लिए गए प्रार्थी ने कहा है कि मुझे जिसकी आपूर्ति नहीं क्षति हुई है तथा अनावेदक खितई कुशवाहा एक चालक किस्म का व्यक्ति है। मेरा आवेदन स्वीकार कर जांच कर पुन: कर अनावेदक कुशवाहा पिता घसीटा कुशवाह निवासी लाल खुर्द के विरुद्ध एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही मांग की है।

## आरा मशीन से डेढ़ घनमीटर खैर की लकड़ी जब्त, संचालक पर कार्रवाई

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत कस्बे की एक आरा मशीन से वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश सोनी ने टीम के साथ डेढ़ घन मीटर खेर की लकड़ी जब्त की। वन परिक्षेत्र अधिकारी सोनी ने बताया कि मुखबिर से सूचना पर छतरपुर रोड स्थित एक आरा मशीन से डेढ़ घन मीटर लकड़ी जब्त की। जिसकी व्यवसायिक कीमत लगभग 3 लाख रुपए से अधिक आंकी गई। आरा मशीन संचालक पर वन अधिनियम के अनुसार कार्रवाई की गई।

## भाजपा प्रत्याशी गिरी ने जनसंपर्क कर वोट करने की अपील की

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 टीकमगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राकेश गिरी ने पार्टी के पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर टीकमगढ़ नगर के वार्ड क्रमांक 1 और 2 अनगड़ा, सौरयाना, पुरानी टेहरी में जनसंपर्क कर, भाजपा के पक्ष में मतदान कर जिताने की अपील की। तथा जनता जनार्दन से भाजपा के पक्ष में आशीर्वाद मांगा और कमल के फूल पर वोट डालकर टीकमगढ़ विधानसभा में एक बार फिर कमल खिलाकर भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने का आग्रह किया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों के साथ पार्टी के अनेक कार्यकर्ताजन शामिल रहे।

## स्थापना दिवस पर कलेक्टर ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** म.प्र. शासन के निर्देशानुसार बुधवार को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय भवन, परिसर के अंदर प्रात: 9 बजे जिला कलेक्टर अवधेष शर्मा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय गान हुआ तत्पश्चात शा.क.उ.मा.विद्यालय टीकमगढ़ एवं उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके पष्चात मध्यप्रदेश गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीत कुमार धुर्वे, एसडीएम टीकमगढ़ संजय दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण आरके पस्तोर, जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कनेर चौकी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आदर्श आचार संहिता के तहत टीकमगढ जिले में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में बुधवार को थाना बमोरीकला चौकी कनेरा अंतर्गत एरिया डोमिनेशन हेतु टीकमगढ़ पुलिस, सीआईएसएफके सशस्त्र जवानों की संयुक्त टीम के द्वारा चौकी प्रभारी कनेरा उपनिरीक्षक आकाश रुसिया के नेतृत्व में थाना बमोरी कला एवं उत्तर प्रदेश सीमा से लगे क्षेत्र के ग्राम टीला नरैनी, कनेरा, इटायली, मवई, रतवास, कुडयाला, कपासी, बराना, सिमराखुर्द में प्रभावी फ्लैग मार्च कर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित कर विश्वास पर्ची, रेड कार्ड, यलो कार्ड एवं ग्रीन कार्ड वितरित किए गए एवं निर्भीक होकर मतदान करने को बताया गया।

# स्थापना दिवस कार्यक्रम में छात्राओं ने मतदाता जागरूक अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक तथा लोकगीतों की दी प्रस्तुति

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार बुधवार को म.प्र. स्थापना दिवस का कार्यक्रम संयुक्त जिला कार्यालय भवन परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र.1 की छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर सभी नागरिकों से वोट करने की अपील की। कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 के छात्र/छात्राओं एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक एवं गीत के माध्यम से शानदार प्रस्तुतियां दी गई, जिसकी उपस्थित दर्शकों ने काफी प्रशंसा की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गीत की रचना शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षक श्रीमती बबीता श्रीवास्तव द्वारा की गई। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ सुनील श्रीवास्तव प्राचार्य श्रीमती सीमा जैन एवं श्रीमति अरुणा नूना प्राचार्य द्वारा तैयार की गई। कार्यक्रम आरएल पाराशर एवं मनीष जैन जिला पंचायत के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया।



कार्यक्रम में सहभागी छात्र /छात्राएं कु प्रियंका अहिरवार खुशी यादव कु सुहानी पायल रायक वॉर अंशिका जैन भूमिका पराशर सुमन कुशवाहा भावना लोधी प्रियंका पाल प्रीति अहिरवार आदि छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र कुमार चंसोरिया शिक्षक द्वारा किया गया।

# बुडेरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान 1 लाख 50 हजार की नगद की जप्त

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बुडेरा थाना क्षेत्र पुलिस द्वारा विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस द्वारा जगह-जगह चेकिंग कर क्षेत्र में नजर रखी जा रही है। मंगलवार को रात्रि 8 बजे थाना प्रभारी रश्मि जैन द्वारा दलबल के साथ द्वारा मडखरा चेकिंग के दौरान 1 लाख 50 हजार रुपए एक पिकअप वाहन से जब किए हैं। थाना प्रभारी रश्मि जैन ने जानकारी दी कि में विधानसभा चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र के कई जगहों पर चेकिंग की जा रही है। जहां मंगलवार को चेकिंग के दौरान बल्देवगढ़ से लमेंरा की ओर जा रही एक पिकअप वाहन को रोका गया। पिकअप वाहन की चेकिंग करने पर पिकअप वाहन में सवार जय कुमार जैन निवासी लमेरा से 1 लाख 50 हजार रूपये नगद बरामद हुए। पुलिस द्वारा पूछताछ हा कर जांच की जा रही है। कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी रश्मि जैन, उप निरीक्षक मनोज पटेल, प्रधानारक्षक विजय वर्मा, आरक्षक अंकित द्विवेदी, दीपचंद अहिरवार, पंकज दीप सहित एफएससी टीम के अधिकारी मौजूद रहे।



# ब्रांच मैनेजर का मनाया गया विदाई समारोह

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बुडेरा ग्राम में स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के ब्रांच मैनेजर संतोष कुमार जैन शनिवार को सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या शाखा बुड़ेरा ब्रांच के प्रभारी मैनेजर विवेक दुबे सहित समस्त स्टाफ एवं ग्राम वासियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान समारोह में संतोष कुमार जैन को फूल माला पहनाकर साल श्रीफल सहित उपहार भेंट कर सम्मानपूर्वक विदा कार्यक्रम किया गया। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या शाखा बुड़ेरा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच प्रतिनिधि रामस्वरूप यादव दद्दा ने कहा कि हमारे बैंक के ब्रांच मैनेजर सेवानिवृत्त नहीं होता है। विभाग की सेवा से मुक्त होने के बाद परिवार और समाज की जिम्मेदारी निभाने का वक्त मिलता है। मैनेजर सर द्वारा किसानों को बिल्कुल भी परेशान नहीं होने दिया हर एक परिस्थिति में बैंक में कोई भी आदमी परेशान नहीं हुआ है सब के कार्यकाल को याद किया जाएगा। जिला सरकारी बैंक के जिला महाप्रबंधक आरके श्रीवास्तव और ने कहा कि सेवानिवृति एक आम प्रक्रिया है, जिससे हर अधिकारी और कर्मचारी को गुजरना पड़ता है। लेकिन उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को हमेशा याद रखा जाता है। फील्ड ऑफिसर विजय यादव ने कहा कि नौकरी में जाना लगा रहता है, लेकिन अच्छा कार्य विभाग हमेशा याद रखता है। इस मौके पर विवेक दुबे, अजय कुमार बर्मा, साक्षी माहरा, उमाशंकर त्रिपाठी, प्रीतम सिंह यादव, शाखा के सभी अधिकारी एवं प्रेम नारायण तिवारी, ओमप्रकाश ईटोरिया, मुन्नी लाल तिवारी, समिति प्रबंधक बुडेरा, राजकुमार गौतम समिति प्रबंधक लार, आसाराम लोधी समिति प्रबंधक डीकोली, सुंदरलाल शुक्ला डीकोली, रामस्वरूप यादव सरपंच प्रतिनिधि, मोहन यादव सरपंच डीकोली, रामेश्वर यादव डॉक्टर, द्वारिका यादव, हरचरण देव यादव, रामजी यादव, अमित राय, पिंकू खरे, सुंदर यादव, अनेक ग्राम वासी मौजूद रहे।



# पुलिस ने पकड़ा अवैध गांजा, 5 महिलाओं सहित 7 आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थ का परिवहन, ब्रिकय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना आरती सिंह एवं जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

इसी तारतम्य में 31 अक्टूबर को थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सत्यम पैलेस के पास कुछ बाहरी लोग प्लास्टिक की बोरियों में अवैध गांजा लिए ग्राहक के इन्तजार में खडे हैं। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा तत्काल उक्त सूचना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना कोतवाली पन्ना में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर मुखबिर के बताये स्थान सत्यम पैलेस के पास पहुंचकर देखा गया। मौके पर कुछ पुरुष व कुछ महिलाएं सत्यम पैलेस के सामने प्लास्टिक की 2 बोरियां रखे दिखे जो पुलिस की गाडी को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा तत्तकाल घेराबंदी करते हुये सभी संदेहियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर सभी से उनके नाम पता पूंछने पर उन्होने अपने नाम क्रमश: नोरेन्द्रो बेहरा पिता शरद बेहरा उम्र 45 वर्ष निवासी भांजीबेडा थाना कान्तामल जिला बोध उडीसा, कुंदरू पौबाक पिता शुभनाथ पौबाक उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम कर्नीबेरा थाना बालीगुडा जिला कान्धामल उडीसा, सुष्मिता सेन पति राजकुमार सेन उम्र 28 साल निवासी ग्राम कदारी थाना सिविललाइन छतरपुर मप्र, बनीता बोई पति बुद्ध नाथो बोई उम्र 35 वर्ष निवासी बडीगुहा थाना बालीबुडा जिला कान्धामाल उडीसा, कुमारी झिलीसेल्मा पिता विभीषण सेल्मा उम्र 19 साल निवासी भांजीबेडा उदेन थाना कान्तामल जिला बोध उडीसा, अन्जना कलसे पति टीकेश्वर कलसे उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम भांजीबेडा थाना कान्तामल जिला बोध उडीसा, बसन्ती डोडान पति पूपामोलाल डोडान उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम सिलटपुरा थाना कान्तामल जिला बोध उडीसा का होना बताया। उक्त सभी आरोपियो के खिलाफमादक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। आरोपियो के कब्जे से 15 किलो 100 ग्राम तथा 16 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कुल वजनी करीब 31 किलो 400 ग्राम कुल कीमत करीबन 314000 रुपये का होना पाया गया।

## 30 तक महिला एवं पुरूष नसबंदी शिविरों का होगा आयोजन

**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा नवम्बर माह में महिला एवं पुरूष नसबंदी शिविरों के आयोजन की तिथियां निर्धारित की गई हैं, जिसके तहत प्रत्येक सोमवार को देवेन्द्रनगर, मंगलवार को अमानगंज, बुधवार को पवई, गुरूवार को अजयगढ़, शुक्रवार को गुनौर और शनिवार को शाहनगर में नसबंदी शिविर लगेंगे। शिविर का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। जिला चिकित्सालय पन्ना में डॉ. मीना नामदेव द्वारा प्रतिदिन नसबंदी ऑपरेशन किये जाएंगे। सीएमएचओ डॉ. व्हीएस उपाध्याय ने सिविल सर्जन और सभी बीएमओ को शिविर के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

### थाना नोहटा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# बिना किसी सुरक्षा के रखे थे बड़ी मात्रा में पटाखे, पुलिस ने किए जप्त



दमोह देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक दमोह, अति. पुलिस अधीक्षक दमोह के द्वारा अवैध रूप से भंडारित विस्फोटक एवं फ्टाखो की तस्दीक हेतु निर्देशित किया गया था एसडीओपी तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन मे मुखबिर की सूचना पर नोहटा में वस्ती मे घांघरी रोड़ पर एक मकान मे अवैध रूप से फ्टाखो को भंडारित कर रखा गया है जिससे जान माल के नुकसान होने की संभावना है। नायब तहसीलदार नोहटा की उपस्थिति मे रेड कार्यवाही की गईघांघरी रोड़ नोहटा बस्ती मे संजय जैन के मकान मे फ्टाखों को भंडारित रखा गया है जिसके संबंध मे उसके पास कोई लायसेंस या दस्तावेज नही थे। पुलिस एवं राजस्व विभाग के संयुक्त कार्यवाही मे आरोपी संजय जैन पिता स्व. धन्ना लाल जैन उम्र 46 साल निवासी नोहटा के रहवासी घर कुल 13 छोटे बड़े कार्टून मे मिश्रित पटाखे (विस्फोटक) बिना किसी सुरक्षा के पाये गये, जिनकी कुल कीमत करीबन 40,000 रूपये है, जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस कार्रवाई में पीआर निरी अरविंद सिंह ठाकुर, सोनी माधव राय, पीआर. आर. 777 प्रदीप तिवारी, प्रा. आर. 309 श्रीराम, प्र.आर. 183 हर्ष पाठक, प्रा. आर. 625 नरेंद्राचार्य, आर. 386 रविकांत, आर. 271 राम, म. आर. 867 अपर्णा पाठक, आर. ड्राइवर 853 अनिकेत स्वरूप, पटवारी अमितवृवि की विशेष भूमिका रही।

## उपयंत्री और कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित

**दमोह देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक के भ्रमण के दौरान मारुताल चेक पोस्ट पर उपयंत्री ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण अजय सिंह अपने कर्तव्य पर अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने तत्काल उपयंत्री अजय सिंह को निलंबित किया है। इसी प्रकार चेक पोस्ट दमोह देहात में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजकुमार शुक्ला सामान्य प्रेक्षक के भ्रमण के दौरान अनुपस्थित पाए गए, उनको भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान नियम अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## प्रेक्षक ने कुम्हारी एवं रेहुटा का किया भ्रमण

**पन्ना, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पवई विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक जीएस पाण्डा दास ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वल्नरेबल ग्राम कुम्हारी और रेहुटा का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामवासियों से संवाद कर मतदान और मतदाताओं को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही संबंधित के विरूद्ध की गई कार्यवाही के बारे में राजस्व और पुलिस अधिकारियों से जानकारी ली। प्रेक्षक ने जनसामान्य को निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अनुविभाग स्तरीय अधिकारियों से चुनाव तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश भी दिए।

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर कलेक्टर अग्रवाल ने किया झंडावंदन



**दमोह देशबन्धु।** 68 वें स्थापना दिवस पर कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फ्हराया और परेड की सलामी ली तथा राष्ट्रगान गाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर मीना मसराम खासतौर पर मौजूद थीं। कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के जयेश पटेल, निधि कारवानी, बलीराम पटेल, महेन्द्र पटेल अनुष्का नेमा वंश, खुशी तोलानी श्रेया सोनी सहित अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा मध्यप्रदेश गान एवं एमपी थीम पर आधारित सामूहिक लोकगीत तथा ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय महाविद्यालय के छात्र अंकित एवं माधवी, आफ्रीन बानो ने स्वीप गतिविधियों संबंधी गीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर एसडीएम दमोह आरएल बागरी, डिप्टी कलेक्टर बृजेश कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्री गुप्ता, पीजी कालेज के प्रचार्य डॉ. के.पी अहिरवार, जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, दिनेश गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ आलोक सोनवालकर और पं. विपिन चौबे ने किया।

# अवधेष प्रताप सिंह ने सैकड़ों सर्मथकों के साथ ली कांग्रेस की सदस्यता

**दमोह देशबन्धु।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवधेष प्रताप सिंह ने अपने सैकड़ो सर्मथको के साथ गाजे बाजे के साथ किल्लाई नाका से जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन एवं विधायक अजय टंडन ने सभी को कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलवाई और फूलमालाओ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि जिले की चारो विधानसभाओं के साथ दमोह 55 में भी समस्त वर्गा का अपार समर्थन मिल रहा है और जिस तरह के रूझान आ रहे है उससे हम जिले की चारो सीटो पर कांग्रेस का परचम लहरायेगें। इस अवसर पर सतीश जैन, बबलू भट्ट, हाकम सींग, जुगराज सिंह, जुगराज सिंह, हुकुम पटेल, सुनील पटेल, पंचम सींग, योगेश पटेल सहित सैकड़ो कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।



## विधानसभा चुनाव संबंधी बैठक संपन्न

**दमोह देशबन्धु।** प्री-फेयर और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराना है। यह बात भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक डॉ. डी साजिथ बाबू ने नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कही। बैठक में प्रेक्षक कमल कांत सरोच, प्रेक्षक मनीष जे. अजुदिया और प्रेक्षक दिनेश हरिराम माते, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा और उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम सहित नोडल अधिकारी और सभी रिटर्निंग आफीसर्स मौजूद रहे। बैठक में समीक्षा के दौरान सामान्य और व्यय प्रेक्षको द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश नोडल अधिकारियों को दिए गये। समीक्षा के दौरान कहा गया रिपोर्ट ऑन टाइम हो, इसे सभी गंभीरता से लें। साथ ही चौक पोस्ट में तैनात अधिकारियों के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गये। भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षको ने कहा आर्दश आचार संहिता का पालन सुनिश्चित हो, एफएस.टी., व्ही.एस.टी. और व्ही.व्ही.टी. अपने दायित्वो का निर्वहन करें। नोडल अधिकारी और टीम के बीच समन्वय रहे। बैठक के प्रारंभ में पी.पी.टी. के माध्यम से पूर्ण तैयारियो और गतिविधियों की जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी श्री मयंक अग्रवाल ने कहा अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 03 नवम्बर को रखा गया है, इसमें आदर्श आचार संहिता सहित सभी बिंदुओ पर विस्तार से आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया जायेगा। साथ ही कहा बैठक में जो निर्देश दिए गये है, उनका पालन सुनिश्चित कया जायेगा।

## किसी भी प्रकार का एग्जिट पोल प्रतिबंधित रहेगा

**दमोह देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान 7 नवम्बर की सुबह 7 बजे से 30 नवम्बर की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

## ट्रक ने मारी बाइक सवार को टक्कर, मौत



**दमोह देशबन्धु।** हटा थाना अंतर्गत दमोह मार्ग पर ट्रेला ट्रक ने मारी बाइक सवार को टक्कर,घटनास्थल पर हुई दर्दनाक मौत, प्राप्त जानकारी अनुसार परसोत्तम विश्वकर्मा निवासी पड़री की इस हादसे में दर्दनाक मौत हो गई । वही ट्रेला चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## छात्रों ने सजाई रंगोली



**दमोह देशबन्धु।** मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विकासखंड बटियागढ़ के शासकीय नवीन माध्यमिक शाला लिधौरा में मध्यप्रदेश गान के उपरांत विद्यार्थीयों द्वारा मनमोहक रंगोली बनाकर व दीप जलाकर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस को मनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक माधव पटेल ने मध्यप्रदेश स्थापना की जानकारी देते हुए स्थापना दिवस मनाए जाने के महत्त्व एवं सार्थकता से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम प्रभारी जगपाल राजपूत द्वारा मध्यप्रदेश के संबंध में विभिन्न रोचक जानकारियां विद्यार्थियों को दी गई।

## नामों की जांच स्कूटनी के बाद 73 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**दमोह देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जारी कार्यक्रम अनुसार अभ्यर्थियों द्वारा नामनिर्देशन पत्र प्रस्तुत करने उपरांत रिटर्निंग आफीसरों द्वारा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों के नामों की जाँच स्कूटनी की गई। विधानसभा क्षेत्र-54 पथरिया में 24, विधानसभा क्षेत्र 55- दमोह 23, विधानसभा क्षेत्र 56- जबेरा में 15 तथा विधानसभा क्षेत्र 57- हटा (अ.जा.) में अभ्यर्थी 11 निर्वाचन के लिये शेष है। नाम वापिसी के लिये 02 नवम्बर का दिन निर्धारित है। विधानसभा क्षेत्र 54- पथरिया के निर्वाचन हेतु मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों में राव ब्रजेन्द्र सिंह इंडियन नेशनल कांग्रेस, रामबाई गोविंद सिंह बहुजन समाज पार्टी, लखन पटैल भारतीय जनता पार्टी, कल्लन कुर्मी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, दीपा/दीनदयाल पटैल (जनसेवक) पिछड़ा समाज पार्टी यूनाईटेड, प्रियंका विकास रोशन (भीम आर्मी) आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), डॉ मनोज विश्वकर्मा भारतीय जन मोर्चा पार्टी, लीलाधर कुशवाहा जन अधिकार पार्टी, आशीष पटैल निर्दलीय, गंगाराम पटैल (मड़िया वाले) निर्दलीय, चूरामन अहिरवार निर्दलीय, देवेन्द्र सींग लोधी (राव साब) निर्दलीय, धनी भैया निर्दलीय, नन्हें भाई अहिरवार निर्दलीय, इंजी. नीलेश कुमार पटैल (कुर्मी) निर्दलीय, प्रेम नारायण भैया निर्दलीय, भागीरथ अहिरवार निर्दलीय, राव भूषण सींग निर्दलीय, मुकेश रजक निर्दलीय, राजकिशोर निर्दलीय, मेजर जनरल (डॉ) राजेन्द्र सिंह ठाकुर निर्दलीय, विक्रम सिंह निर्दलीय, संजय सेठ सदगुवां (भोलू) निर्दलीय एवं संतोष सोनी निर्दलीय अभ्यर्थी जॉच स्कूटनी उपरांत निर्वाचन हेतु रह गये हैं। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 55-दमोह के अजय कुमार टण्डन इंडियन नेशनल कांग्रेस, चाहत पाण्डेय आम आदमी पार्टी, जयंत मलैया भारतीय जनता पार्टी, प्रताप रोहित (अहिरवार) बहुजन समाज पार्टी, दौलत सींग लोधी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, द्रगपाल सिंह लोधी समाजवादी पार्टी, नरेन्द्र/आचार्य पूरन सिंह लोधी पिछड़ा समाज पार्टी यूनाईटेड, नवीन बौद्ध आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), अजय भैया निर्दलीय, अजय कुमार निर्दलीय, अनूपकांत/मोंटी रैकवार निर्दलीय, अवधेश प्रताप सिंह लोधी निर्दलीय, जयंत निर्दलीय, जयंत कुमार निर्दलीय, जयंत भैया निर्दलीय, निशांत पाठक निक्की भैया निर्दलीय, राहुल निर्दलीय, राहुल भैया निर्दलीय, राहुल भैया निर्दलीय, रिचा पुरूषोत्तम चौबे ष्हरिओमष् निर्दलीय, वंदना कुर्मी (मनीषा) निर्दलीय, शाहरूख खान मंसूरी (नेताजी) निर्दलीय तथा शेख मकसूद (बाबा भाई) निर्दलीय अभ्यर्थी जॉच स्कूटनी उपरांत निर्वाचन हेतु रह गये हैं। विधानसभा क्षेत्र 56-जबेरा के धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी भारतीय जनता पार्टी, प्रताप सिंह इंडियन नेशनल कांग्रेस, रजनी ठाकुर (आदिवासी) बहुजन समाज पार्टी, विनोद राय गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, डॉ. सुजान सिंह ठाकुर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, धर्मेन्द्र सिंह निर्दलीय, प्रताप भैया निर्दलीय, प्रताप सिंह लोधी निर्दलीय, बसंत राय निर्दलीय, भगवान दास प्रजापति निर्दलीय, मुराद बेग निर्दलीय, मेघराज सिंह ष्पीड़ितष् निर्दलीय, राघवेन्द्र सिंह निर्दलीय, विनोद जी भाईसाब निर्दलीय एवं विनोद भैया निर्दलीय अभ्यर्थी जॉच स्कूटनी उपरांत निर्वाचन हेतु रह गये हैं। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 57-हटा (अ.जा.) से श्रीमती उमादेवी/लालचंद खटीक भारतीय जनता पार्टी, प्रदीप खटीक इंडियन नेशनल कांग्रेस, भगवान दास चौधरी बहुजन समाज पार्टी, अमोल चौधरी समाजवादी पार्टी, ओमवती/संजय अठ्या भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, आकाश/लक्ष्मी कोरी निर्दलीय, कोदू लाल अहिरवाल निर्दलीय, बी.एल.चौधरी निर्दलीय, देवराज सिंह सूर्यवंशी (अहिरवार) निर्दलीय, मिही लाल चौधरी निर्दलीय एवं लालचंद कश्यप (कोरी) निर्दलीय अभ्यर्थी जॉच स्कूटनी उपरांत निर्वाचन हेतु रह गये हैं।

# मानसिक स्वास्थ्य पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



**दमोह देशबन्धु।** रोजमर्रा के जीवन में काम के बोझ एवं व्यस्तता के चलते मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, इस वजह से लोगों में चिड़चिड़ापन, तनाव जैसी समस्या आम हो गई है। मानसिक सेहत में कैसे सुधार किया जाये इस संबंध में जिला चिकित्सालय में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष मानसिक स्वास्थ्य शिविर मन कक्ष में आयोजित किया गया। नर्सिंग छात्र-छात्रायें, नर्सिग स्टॉफ द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पोस्टर प्रतियोगिता के दौरान पोस्टर तैयार किये गये। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए दिनचर्या में कुछ चीजो को बदला जाये, सक्रिय जीवन जियें। नियमित व्यायाम योग को अपनायें, परेशान करने वाली बातों को साझा करें। पूरी नींद लें, संतुलित पोषण आहार का सेवन करें, काम के दौरान नियमित अंतराल पर पानी पीते रहें। मानसिक स्वास्थ्य शिविर दौरान सिविल सर्जन डॉ. राजेश नामदेव ने मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित तैयार किये गये पोस्टर विजेताओं को पुरूस्कार वितरित किये । इस दौरान क्वालिटी नोडल डॉ अमित प्रकाश जैन चिकित्सक, नर्सिग ऑफीसर तहमीना, मंजू मर्सकोले एवं ओ.पी.डी. में आये मरीजो के परिजन मौजूद रहे। आरएमओ डॉ मनीष संगतानी ने तनाव, अवसाद से कैसे बचा जाए इस पर जरूरी बातें साझा की ।

# स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को जागरूक करने निकाली वाहन रैली



**दमोह देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 17 नवंबर 2023 को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु मतदाताओं को विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर संदेश दिया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के तहत आज वाहन रैली का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अर्पित वर्मा ने आज कलेक्टर कार्यालय से दो पहिया वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इस मौके पर सहायक नोडल अधिकारी स्वीप प्राचार्य डॉ. के. पी. अहिरवार के मार्गदर्शन में दो पहिया वाहन रैली कलेक्टर कार्यालय परिसर से होते हुए कीर्ति स्तंभ, अंबेडकर चौक ,घंटाघर से होते हुए स्टेशन चौराहा , बस स्टैंड होते हुए किलाई नाके से पुन: कलेक्टर परिसर पर पहुंची रैली में नाटक मंडली द्वारा शानदार गीत की प्रस्तुति द्वारा नागरिकों को अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश दिया गया। वाहन रैली में नाटक मंडली के कलाकारों द्वारा बुंदेली राई गीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश दिया गया। वाहन रैली में विशाल संख्या में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। जागरूकता के इस अभियान में सक्रिय स्वीप समिति सदस्य एनएसएस जिला संगठन डॉ जितेंद्र कुमार चौधरी, सिद्धार्थ जाउरकर, एवं सौरभ खरे द्वारा मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने एवं नव मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान कर लोकतंत्र को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु सजग किया जा रहा है।

# उ.मा. विद्यालय मारूताल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रेणुका कंचन तथा जिला न्यायाधीश एवं सचिव श्री अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मारूताल में नशा पीड़ितों को विधिक सहायता एवं नशा उन्मूलन एवं पॉक्सो एक्ट के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्राचार्य श्रीमती नीलम जैन, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने कहा नशा नाश की जड़ है अधिकतर विधि विरूद्ध कार्य नशे के कारण होते है, नशे से न सिर्फहमारी आर्थिक स्थिति कमजोर होती है, वरन् शरीर भी बीमारियों से घिरता है। इसके साथ ही पॉक्सो अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा बच्चों के खिलाफहोने वाले यौन अपराधों के संबंध में कठोर दण्ड के प्रावधान किये गये हैं, इस कारण होने वाले अपराधों की जानकारी पुलिस को देना चाहिए ताकि यौन अपराधियों के खिलाफपॉक्सो अधिनियम 2012 के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बाल विवाह, किशोर न्याय अधिनियम, मूल अधिकार एवं कर्तव्य के संबंध में जानकारी दी।

# राजनैतिक दल और कार्यकर्ता मिलकर आदर्श आचरण संहिता के पालन में सहयोग करें: प्रकाश डी



**सागर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त 5 सामान्य एवं एक पुलिस प्रेक्षक की बुधवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और रिटर्निंग अधिकारियों के साथ कलेक्टर कार्यालय स्थित सभाकक्ष में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सागर एवं बण्डा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रेक्षक के हर्षवर्धन, खुरई एवं सुरखी के प्रेक्षक गंधम चंद्रुडु, देवरी के प्रेक्षक सुनील कुमार यादव, बीना के प्रेक्षक प्रेमकुमार व्हीआर नरयावली, रहली के प्रेक्षक अंबामुथन एमपी, पुलिस प्रेक्षक प्रकाश डी, व्यय प्रेक्षक विनय बंसल, गणेश पोते, भाविका जोशी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा सहित सभी रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित थे। राजनैतिक दलों की ओर से रामेश्वर नामदेव, धर्मेंद्र जैन, शैलेन्द्र तोमर, शिवशंकर तिवारी, रामदास राज, मूरत सिंह यादव, अमित जैन, अनुज खटीक, रामचरन लम्बदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस प्रेक्षक प्रकाश डी ने कहा कि सभी राजनैतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं को आदर्श आचरण संहिता के पालन में सहयोग करना चाहिए, ताकि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी हो। उन्होंने सभी रिटर्निंग आफीसर को 21 से 31 अक्टूबर तक चली नाम निर्देशन पत्र जमा करवाने की प्रकिया के सफलता पूर्वक संपन्न होने पर बधाई देते हुए जिला प्रशासन की सराहना की। देवरी के प्रेक्षक सुनील कुमार यादव ने भी बैठक में सभी से निर्वाचन के बेहतर संचालन के लिए अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करने के लिए कहा। कलेक्टर दीपक आर्य ने आश्वस्त किया कि जिले में विधानसभा चुनाव शुद्ध निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न होंगे। निर्वाचन संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण होगा। उन्होंने निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारियों को 24 घंटे अपना मोबाइल फोन चालू रखने के निर्देश भी दिये। उन्होंने प्रेक्षकों को बताया कि राजनैतिक दल के पक्ष में प्रचार करते पाये जाने पर कुछ शासकीय कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। एक सहायक व्यय प्रेक्षक को कार्य न करने पर हटाया गया है। रहली विधानसभा क्षेत्र में एक एफआईआर भी दर्ज की गई है। एसएसटी, एफएसटी और वीवीटी को भी सक्रिय किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि जिले में निर्वाचन शांतिपूर्वक संपन्न हो, इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। 22 अंतर जिला जांच नाके स्थापित किये गये है। इसी तरह 24-24 स्टेटिक सर्विलांस टीम एसएसटी तथा फ्लाईग स्क्वाड टीम एफएसटी स्थापित की गई है, जो 24 घंटे कार्यरत है। निर्वाचन संबंधी तैयारियों का प्रस्तुतिकरण करते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने बताया कि जिले की 8 विधानसभा क्षेत्रों में 2118 मतदान केन्द्र स्थापित किये गये है। जिनमें से 11 वलनरेबल पॉकेट के रूप में चिन्हित है। क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की संख्या 597 है। ईवीएम की एफएलसी फर्स्ट लेवल चेकिंग 5 नवबंर को ईवीएम वेयर हाउस में सुबह 10.30 बजे से होगी। ईवीएम का सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन 6 नवबंर को तथा 7 नवबंर को रेंडमाइजेशन होगा। ईवीएम की कमिशनिंग 8 नवबंर को होगी। 7 नवबंर से वोटर स्लिप का वितरण प्रारंभ होगा, जो 12 नवबंर तक चलेगा। शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कालेज से सामग्री का वितरण किया जायेगा। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव दिये तथा शंकाओं का समाधान करवाया।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस निकाली जन जागरूकता रैली



**सागर, देशबन्धु।** मानसिक स्वाथ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय परिसर में क्षेत्रीय संचालक डॉ. ज्योति चौहान एवं सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी द्वारा जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आरएस जयंत, डॉ. जितेन्द्र सर्राफ, डॉ. संजय कुमार, डॉ. आदित्य दुबे, जॉली शाबू, किरन तिवारी, क्रान्ति तन्तुवाय नर्सिंग आफीसर, सिस्टर ट्यूटर, बीएमसी प्रशिक्षु स्टॉफ नर्स, हेमराज अहिरवार, शहरी आशा कार्यकर्त्ता आदि रैली में सम्मिलित हुए। यह रैली जिला चिकित्सालय परिसर से होते हुये जिला ओपीडी कक्ष पर समाप्त हुई। तत्पश्चात् ओपीडी कक्ष में अधिकारियों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर उद्बोधन दिये गये। मानसिक रोगियों का सम्मान कर सभी को शपथ दिलाई गई साथ ही शिविर में केयरगिवर्स, गर्भवती महिलाओं एवं अस्पताल स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई तथा मानसिक समस्याओं की स्क्रीनिंग, उपचार, दवा का वितरण किया गया। जिला अस्पताल के मनकक्ष में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी एवं प्रचार सामग्री वितरण की गई। सेल्बिन क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट एवं नर्सिंग ऑफीसर ममता सैनी ने अपनी सेवायें प्रदान दी।

## मप्र गान के साथ प्रारंभ किया भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र जैन ने जनसंपर्क



**सागर, देशबन्धु।** मप्र सीएम शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व की भाजपा सरकार में सड़क, बिजली, पानी से लेकर कृषि व अधोसंरचना विकास में प्रगति कर विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा है। सरकार मप्र को स्वर्णिम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह बात सागर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र जैन ने बुधवार को जवाहरगंज, परकोटा, लाजपतपुरा वार्ड में सघन जनसंपर्क के अवसर पर मप्र स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कही। जनसंपर्क में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केशरवानी, पार्षद शैलेंद्र ठाकुर, डब्बू साहू, राजेश केशरवानी, एड. कृष्णवीर सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। शैलेंद्र जैन ने कहा कि विकास का अर्थ भाजपा है, प्रगति का अर्थ भाजपा है। जन संपर्क के दौरान श्री जैन ने भीतर बाजार स्थित होटल पर जलेबी बनाई। सागर विधानसभा क्षेत्र में तेज गति से भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र जैन द्वारा जनसंपर्क जारी है। जनसंपर्क के दौरान सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों, कार्यकओं का भरपूर सहयोग मिल रहा हैं तो वहीं जन सामान्य भी स्नेह पूर्वक जैन को आशीर्वाद प्रदान कर रहे हैं।

### ऑटो से गिरकर 8 साल के बच्चे की मौत

**खुरई, देशबन्धु।** कनऊ गांव की पुलिया के पास ऑटो से स्कूल जा रहे एक 8 वर्षीय छात्र ऑटो से गिरकर उसके नीचे आ गया। जिसे तत्काल सागर के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। खुरई देहात थाना क्षेत्र के भीलोन गांव से ऑटो में स्कूल आते समय कनऊ गांव की पुलिया के पास एक छात्र का हाथ छूट गया और वह नीचे गिर गया। जानकारी के मुताबिक योगेन्द्र पिता हाकम सिंह दांगी 8 निवासी भीलोन जो खुरई के निजी स्कूल में चौथी कक्षा का छात्र था। वह ऑटो से रोजाना स्कूल आता था। सभी बच्चे ऑटो में बैठकर स्कूल आ रहे थे। कनऊ और सिमरिया गांव के बीच पुलिया के पास किसी गड्ढे में ऑटो का पहिया फंस जाने से ऑटो अनियंत्रित हो गया। जिससे ऑटो चालक के बाजू की सीट पर बैठा योगेन्द्र चलती ऑटो से सड़क पर गिर गया। जिसके बाद उसके ऊपर से ऑटो का पिछला पहिया भी चढ़ गया था।

## जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने निधि जैन के समर्थन में किया जनसंपर्क



**सागर, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर के तत्वाधान में बुधवार को विधानसभा प्रत्याशी निधि जैन के समर्थन में भगतसिंह एवं रविदास वार्ड में जनसंपर्क किया गया। जनसंपर्क अभियान को युवाओ बुजुर्गो एवं महिलाओ का व्यापक समर्थन मिल रहा है। जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार पचौरी एवं विधानसभा प्रत्याशी निधि जैन विशेष उपस्थिति में भगतसिंह वार्ड मस्जिद से अभियान की शुरुआत की गई। अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने कहा किए विगत 20 वर्षो के कुशासन से मुक्ति का अवसर आ गया है एवं इस घोटालेबाज सरकार को सबक सिखाना आवश्यक है। प्रत्याशी निधि जैन ने कहा कि आज महिलाओं का विशेष दिन करवा चौथ है। हमारे नेता कमलनाथ ने नारी सम्मान योजना के तहत 1500 रूपए प्रतिमाह एवं गैस सिलेंडर 500 रूपए में देने का उपहार महिलाओं को देने का वादा किया है। प्रांतीय महासचिव मुकुल पुरोहित ने कहा कि, धन-बल एवं कपट का सहारा लेकर जिन्होंने आपके द्वारा चुनी सरकार को गिराया उनको जवाब देना है। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से सुनील जैन, प्रदीप गुप्ता, सिंटू कटारे, ओम प्रकाश पांडा, अवधेश तोमर, विजय साहू, महेश जाटव, आनंद हेला आदि उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी गोविन्द्र सिंह राजपूत ने किया जनसंपर्क



**सागर, देशबन्धु।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र का ऐसा कोई गांव अब नहीं रहा जहां पक्की सड़क न बनी हो। भाजपा सरकार और मैंने भरसक प्रयास किया है कि क्षेत्र की समस्याओं को हल किया जाए। हमने नलजल योजनाओ के माध्यम से लोगों के घर-घर तक पानी पहुंचाने का काम किया है। गांव-गांव में बनी टंकियों से घर-घर तक टोंटी के माध्यम से पानी पहुंच रहा हैं। यह झिला गांव सुरखी विधानसभा क्षेत्र का महत्वपूर्ण गांव है। यहां पर मैंने तमाम विकास कार्य कराये हैं। यह बात सुरखी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गोविन्द्र सिंह राजपूत ने कही। राजपूत आज ग्राम झिला में घर-घर जनसंपर्क कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य के लिए मैं लगातार मेहनत कर रहा हूँ। मैं और मेरा परिवार आपके सुख और दुख में हमेशा आपके साथ खड़े रहते हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से हमने जो मांगा उन्होंने तत्काल स्वीकृति दी। आज किसानों का सम्मान हो रहा है तो बहनों को भी समृद्ध बनाया जा रहा है।

## नाटक खामोश अदालत जारी है का हुआ मंचन



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि सांस्कृतिक परिषद के संयुक्त तत्वाधान में हुलक आर्टिस्ट एवं वेलफेयर ग्रुप के तहत नाटक खामोश अदालत जारी है इसके लेखक विजय तेंदुलकर और अनुवादक सरोजिनी वर्मा है जिसका मंचन विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक परिषद में किया गया। नाटक में उस समाज के लोगों की व्याख्या की गई है जो खुद की पीड़ा को बुलाने के लिए दूसरों को पीड़ा पहुंचते हैं पर अपना मनोरंजन का साधन ढूंढ लेते हैं। परंपरागत आचार विचार और जंग लगी रूढ़ियों से बना ये समाज उन अलिखित कानून के द्वारा चलाया जा रहा है जिसमें मानव जाति की भावनाओं संवेदना और उनका मासिक शोषण हो रहा है इस नाटक में इन्हीं जंग लगी रूढ़िवादी सोच और न्याय अन्याय, नीति अनीति के इस समाज में रहने वाली एक अविवाहित औरत ने इस चौखट को जाने अनजाने में लांघने के कारण उसे समाज अलिखित कानून के आधार पर सजा मिल रही है और इसमें सभी शामिल हैं विश्व रहस्य की खोज करने वाले वैज्ञानिक, समाज के स्वास्थ्य की चिंता करने वाले न्याय शास्त्री जीवन की निरर्थकता का बोध हुए दार्शनिक आए दिन गुजरने वाली तमाशा अपने अहम के हेतु दूसरों का शोषण करने वाले ये सभी इस समाज में सम्मिलित हैं। इस नाटक का निर्देशन अनुज अहिरवार ने किया है और विशेष सहयोग मार्ग दर्शक डॉ. राकेश सोनी सांस्कृतिक समन्वयक का रहा।

### स्थानांतरण के बाद भारमुक्त न होने की शिकायत पर दो को निर्वाचन कार्य से संबद्ध किया

**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम के दो कर्मचारियों के स्थानांतरण होने पर भी भारमुक्त नहीं होने की शिकायत के आधार पर उन्हें तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय से संबद्ध करने के आदेश जारी किये गये है। रामाधार तिवारी उपयंत्री एवं शरद वरसैंया लेखापाल नगर निगम सागर के विरूद्ध शिकायत प्राप्त हुई थी कि उक्त दोनों कर्मचारियों का स्थानांतरण अन्यत्र होने पर भी उन्हें भारमुक्त नहीं किया गया है। रामाधार तिवारी उपयंत्री एवं शरद वरसैंया लेखापाल को तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय सागर में अपनी उपस्थिति देने के आदेश दिये गये है।

## कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी ने किया सघन जन संपर्क



**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी ने बुधवार को नगर पालिका मकरोनिया के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जन सम्पर्क किया। उन्हें बुजुर्गों का आशीर्वाद मिला, साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी के पुत्र इंजी. शुभम सिंह चौधरी ने कांग्रेसजनों के साथ सदर केन्ट क्षेत्र के मुहाल नम्बर 14, 15 एवं 16 में जन संपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी को विजयश्री दिलाने की अपील की। इस दौरान दुलारे उस्ताद, प्रदीप गुप्ता पप्पू, दीपक दुबे, डॉ. हेमन्त लारिया, राजू राठौर, मनु भाई, प्रदीप राय आदि मौजूद थे।

# जन आशीर्वाद सभा को केंद्रीय मंत्रियों भूपेन्द्र यादव व प्रहलाद पटेल ने संबोधित किया



**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन स्टेडियम में आयोजित जन आशीर्वाद सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा लगातार कहती रही है कि पढ़ाई, नौकरी, मेडीकल, इंजीनियरिंग में एडमिशन में ओबीसी आरक्षण होना चाहिए। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तब उन्होंने ओबीसी आरक्षण के लिए संवैधानिक आयोग बनाया और आरक्षण के लिए कानून बनाया। ओबीसी आरक्षण की सिलेक्ट कमेटी का चेयरमैन मैं था। हमने ओबीसी आरक्षण को ही संवैधानिक दर्जा देने के लिए ही नहीं बल्कि आर्थिक आधार पर गरीबों को भी आरक्षण देने का कानून बनाया। इसे कहते हैं सबका साथ और सबका विकास। केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस को इस बात पर तकलीफ है कि भाजपा राम मंदिर निर्माण का राजनैतिक उपयोग कर रही है। कांग्रेस को यह समझ लेना चाहिए कि अयोध्या में भगवान श्री राम का विराट मंदिर हमारे लिए घोषणापत्र का मुद्दा ही नहीं बल्कि हमारी प्रतिबद्धता का विषय है। केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मंत्री भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में खुरई में विकास की गंगा बही है। लेकिन सबसे बड़ी बात उनके विकास में यह रही कि उन्होंने विकास के साथ विरासत का भी संरक्षण किया और क्षेत्र के सारे मंदिरों का कायाकल्प करके रोटी के साथ राम को भी जोड़ा। हम तीन लक्ष्य लेकर देश के हर दरवाजे पर दस्तक देते हैं। गरीब का कल्याण, महिला सशक्तिकरण, भारत को विश्व का और मप्र को भारत का सिरमौर बनाना हमारा लक्ष्य है। मप्र संभावनाओं और संसाधनों से भरा राज्य है। हमारे यहां शांति है, जाति, नस्ल, भाषा किसी भी तरह का विवाद हमारे मप्र में नहीं है। खुरई से भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने मप्र के चुनाव अभियान की कमान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को सौंपी है, कांग्रेस चारों खाने चित्त पड़ी है। कांग्रेस के नेता आपस में ही लड़ने लगे हैं उन्हें समझ नहीं आ रहा कि क्या करें, कैसे करें। श्री सिंह ने केंद्रीय राज्य मंत्री को राजनीति का संत बताते हुए कहा कि वे अनेक बार के परिक्रमावासी हैं और मां नर्मदा मैया का उन पर साक्षात आशीर्वाद है, उनकी वाणी पर सरस्वती विराजतीं हैं। हमने गरीब कल्याण महाअभियान और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए दायित्व को पूरा करने का प्रयास किया है। हम सब मिलकर उनके नेतृत्व में गौरवशाली, वैभवशाली, सशक्त भारत का निर्माण करेंगे जिसमें भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना हो।

### भाजपा ने गरीबों को उनका हक देने का काम किया है: भूपेंद्र यादव



**सागर, देशबन्धु।** रहातगढ़ मे जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री और प्रदेश भाजपा प्रभारी भूपेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस केवल ओबीसी आरक्षण को लेकर बातें ही करती रही, जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवैधानिक ओबीसी आरक्षण को लागू कर दिया है। इस दौरान जनसभा में उनके साथ केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटैल और जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया भी मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री यादव ने कहा कि भाजपा केवल उम्मीदवार बनाती है, जबकि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता चुनाव लड़ता है। भाजपा विचार के लिए काम करती है और भाजपा का विचार और लक्ष्य विकास है। भाजपा गरीब कल्याण का संकल्प लेकर काम कर रही है। जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि कांग्रेस के समय चुनिंदा लोगों को पाइपलाइन के माध्यम से पानी मिलता था। मैं जिस विभाग का मंत्री हूं, उसके आंकड़े बताते हैं कि देश में 70 प्रतिशत से ज्यादा लोगों के घर-घर पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंच रहा है। हमारा लक्ष्य की 2024 तक 100 प्रतिशत लोगों के घर पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचे। भाजपा ने अपनी योजनाओं में कभी भी भेदभाव नहीं किया। सभी को एक समान सम्मान दिया है। प्रहलाद पटेल ने कहा कि इस बार हम तीन दीपावली मनाएंगे। पहली 12 नवंबर को, दूसरी कमल का फूल खिलाकर, गोविंद सिंह को जिताकर और तीसरी दीपावली तब मनाएंगे, जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा का यह चुनाव मैं नहीं आप सब लोग लड़ रहे हैं। आपका आशीर्वाद सदैव मुझे मिलता रहा है इसके लिए मैं आप सबका ऋणी हूं। आप सभी इसी तरह आशीर्वाद बनाए रखें। मैंने कभी भी अपनी तरफ से कोई भी कमी नहीं रखी। मान, सम्मान, विकास और काम सुरखी विधानसभा में भरपूर किया है।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट सेन्टर, मुंबई
ई-मेल: crpd@sbi.co.in
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

संविदा आधार पर विभिन्न विशेषज्ञ पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| विज्ञापन क्र. | पद नाम | रिक्त | श्रेणी/ समतुल्य श्रेणी |
|---|---|---|---|
| CRPD/SCO/2023-24/23 | सर्किल डिफेन्स बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) | 1 | - |
| CRPD/SCO/2023-24/24 | बिजनेस विश्लेषक | 1 | एमएमजीएस II |

आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले पात्रता और अन्य विवरण सुनिश्चित करने के लिए बैंक की करियर वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञापन देखें. आवेदन करने के लिए, हमारे करियर पेज (https://bank.sbi/careers/current-openings) पर जाएं।

- ऑनलाइन आवेदन करने और शुल्क के भुगतान की तिथि : 21.10.2023 से 10.11.2023 तक

स्थान: मुंबई
दिनांक: 21.10.2023
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।